रजिस्ट्री सं० डी-222 REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 48 नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 28, 1970 (अग्रहायण 7, 1892)

No. 48 NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 28, 1970 (AGRAHAYANA 7, 1892)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 22 जुलाई 1970 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to 22nd July 1970 :—

अंक (Issue No.)	संख्या और तिथि (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)
1	2	3	4

—शून्य—

—Nil—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazette Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची (CONTENTS)

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	945
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1469
भाग I—खंड 3—रक्षा मन्त्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1449
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों सम्बन्धी प्रवर समितियों की रिपोर्टें . .	—
भाग II—खंड 3—उप-खंड (1)—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . .	4279
भाग II—खंड 3—उप-खंड (2)—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं .	5297
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश . .	699
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . . .	1355
भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें .	457
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	173
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं . . .	2247
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें .	207
पूरक संख्या 48—	
21 नवम्बर 1970 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी सम्बन्धी साप्ताहिक रिपोर्ट .	1979
31 अक्तूबर 1970 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु से सम्बन्धित आंकड़े	1991

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	945
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1469
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1449
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc., of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	4279
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	5297
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence	699
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1355
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta	457
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	173
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2247
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	207
SUPPLEMENT No. 48	
Weekly Epidemiological Reports for week ending 21st November 1970	1979
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 31st October, 1970	1991

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

मंत्रिमंडल सचिवालय

(कार्मिक विभाग)

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 28 नवम्बर 1970

सं० 8/66/70-के. से. (II)—केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा, सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा (ख) के ग्रेड IV के अवर श्रेणी ग्रेड में नियमित रूप से नियुक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए आरक्षित अस्थायी रिक्त स्थानों को भरने के प्रयोजन के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय में कार्मिक विभाग नई दिल्ली के सचिवालय प्रशिक्षण स्कूल द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ।

जो उम्मीदवार परीक्षा में प्रविष्ट किए जाएंगे वे निम्नलिखित सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड के रिक्त स्थानों के लिए प्रतियोगिता करने के पात्र समझे जाएंगे :—

(i) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा, यदि वे केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में भाग लेने वाले मंत्रालयों/कार्यालयों में कार्य कर रहे,

(ii) सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा, यदि वे सशस्त्र सेना मुख्यालय तथा अंतः सेवा संगठनों में नियुक्त हैं, और

(iii) भारतीय विदेश सेवा (ख) की ग्रेड VI, में यदि वे विदेश मंत्रालय या विदेशों में इसकी मिशनों में नियुक्त हैं ।

2. परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरे जाने के लिए रिक्त स्थानों की संख्या मंत्रिमंडल सचिवालय के कार्मिक विभाग के सचिवालय प्रशिक्षण स्कूल द्वारा जारी की जाने वाली सूचना में निर्दिष्ट की जाएगी । अनसूचित जातियों तथा अनसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए रिक्त स्थानों के संबंध में आरक्षण भारत सरकार द्वारा निश्चित किए जाने के अनुसार किए जाएंगे ।

अनुसूचित जातियों/ आदिम जातियों का अर्थ, अनुसूचित जातियों/आदिम जातियों की सूची (अधिसूचना) आदेश, 1956 अनसूचित जातियों तथा अनसूचित आदिम जातियों के (संशोधन) अधिनियम, 1956 संविधान में (जम्मू तथा कश्मीर) अनुसूचित जाति के आदेश, 1956, संविधान मे (अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959, संविधान में (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962, संविधान में (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान में (अनुसूचित आदिम जातियों) (उत्तर प्रदेश) के आदेश 1967, संविधान में (गोआ, दमन तथा दीव) अनुसूचित जाति के आदेश, 1968 तथा संविधान में (गोआ, दमन दीव) अनुसूचित आदिम जातियों के 1968 के साथ पठित आदेश में उल्लिखित जातियों/आदिम जातियों में से कोई सी जातियां ।

3. इन नियमों के परिशिष्ट में निर्धारित पद्धति के अनुसार मंत्रिमंडल सचिवालय के कार्मिक विभाग के सचिवालय प्रशिक्षण स्कूल द्वारा परीक्षा ली जायगी ।

4. दिल्ली और विदेशों में भारतीय निर्धारित मिशनों में किस तारीख और किन स्थानों पर परीक्षा ली जायगी, इसको सचिवालय प्रशिक्षण स्कूल नियत करेगा ।

5. कोई भी स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थायी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी परीक्षा में बैठने का पात्र होगा जिसके संबंध में निम्नलिखित शर्तें पूरी होती हों :—

1. **सेवा-अवधि** :

इसने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में अथवा केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में भाग लेने वाले मंत्रालयों/कार्यालयों में अथवा सशस्त्र सेना मुख्यालय और/अथवा अन्तः सेवा संगठनों अथवा विदेश मंत्रालय अथवा विदेशों में इसकी मिशनों में किसी उच्च ग्रेड में 1 जनवरी, 1971 को कम से कम 5 वर्ष की अनुमोदित तथा लगातार सेवा की हो ।

टिप्पणी-1 :—यदि उम्मीदवार की कुल गिनती की जाने वाली सेवा आंशिक रूप में केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में भाग लेने वाले किसी मंत्रालय अथवा कार्यालय में अथवा सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा में भाग लेने वाले किसी कार्यालय में आंशिक रूप में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में काम किया हो और आंशिक रूप में अन्यत्र उसके समकक्ष या उच्च ग्रेड या विदेश मंत्रालय और इसके विदेशों में मिशनों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में काम किया हो तो अनुमोदित तथा लगातार सेवा की 5 वर्ष की सीमा भी लागू होगी ।

टिप्पणी-2 :—जो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग वाह्य पदों में प्रतिनियुक्ति

पर हैं वे अन्यथा पात्र होने पर परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। जो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संवर्ग-बाह्य पद पर नियुक्त किया गया है अथवा स्थानान्तरण पर अन्य सेवा में हैं और फिलहाल चतुर्थ श्रेणी के पद पर उसका ग्रहणाधिकार बना हुआ है वह भी अन्यथा पात्र होने पर परीक्षा में बैठने का पात्र है।

2. **आयु**

वह 1 जनवरी, 1971 को 40 वर्ष की आयु से अधिक नहीं होना चाहिए, अर्थात् 2 जनवरी 1931 से पहले उसका जन्म न हुआ हो। भारतीय विदेश सेवा (ख) ग्रेड VI में नियुक्ति के लिए विदेश मंत्रालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए आयु सीमा 1 जनवरी, 1971 को 45 वर्ष तक होगी। 45 वर्ष तक की आयु-सीमा केवल 1971 की परीक्षा के लिए होगी। यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनसूचित आदिम जाति का है तो उपर्युक्त निर्धारित आयु-सीमा में कम से कम 5 वर्ष की छूट दी जा सकती है। ऊपर बताई गई स्थितियों के अलावा निर्धारित आयु-सीमा में किसी हालत में छूट नहीं दी जा सकेगी।

3. **शैक्षिक अर्हता**

उम्मीदवार ने निम्नलिखित परीक्षाओं में से एक परीक्षा पास की हो या निम्नलिखित प्रमाण-पत्रों में से एक प्रमाण-पत्र प्राप्त किया हो :—

(i) भारत के केन्द्रीय अथवा राज्य विधान मंडल के किसी अधिनियम द्वारा नियमित किसी विश्वविद्यालय की मैट्रिक परीक्षा;

(ii) किसी राज्य के शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक स्कूल कोर्स के अन्त में शालान्त (स्कूल लिविंग), माध्यमिक स्कूल, हाई स्कूल या ऐसे किसी और प्रमाण-पत्र के दिए जाने के लिए ली गई कोई परीक्षा जिसे वह राज्य सरकार नौकरी में प्रवेश के लिए मैट्रिक के प्रमाण-पत्र के समकक्ष मानती हो।

(iii) कैम्ब्रिज स्कूल प्रमाण-पत्र परीक्षा (सीनियर कैम्ब्रिज),

(iv) राज्य सरकारों द्वारा ली जाने वाली यूरोपीय हाई स्कूल परीक्षा,

(v) दिल्ली पोलीटैक्नीक के तकनीकी हायर सैकन्डरी स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र,

(vi) भारत में किसी मान्यता प्राप्त हायर सैकन्डरी स्कूल/मल्टीपरपज स्कूल द्वारा हायर सैकन्डरी पाठ्य-क्रम/मल्टीपरपज पाठ्य-क्रम (जो किसी उम्मीदवार को 3 वर्ष के डिग्री कोर्स के लिए प्रवेश पाने के योग्य बनाता हो) के उपान्तिम वर्ष में ली गई परीक्षा में उत्तीर्ण,

(vii) इंडियन स्कूल सार्टिफिकेट परीक्षा के लिए छात्रों को तैयार कराने वाली किसी मान्यता प्राप्त स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र,

(viii) अरविंद अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी के उच्चतर माध्यमिक शिक्षा पाठ्य-क्रम की दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र,

(ix) जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली की जूनियर परीक्षा केवल जामिया के वास्तविक आवासी छात्रों के लिए,

(x) बंगाल (साइंस) स्कूल सार्टिफिकेट,

(xi) नेशनल काउन्सिल आफ ऐजुकेशन (राष्ट्रीय शिक्षा परिषद्), जादवपुर, पश्चिमी बंगाल की (शुरू से लेकर) फाइनल स्कूल स्टैन्डर्ड परीक्षा,

(xii) गुजरात विद्यापीठ अहमदाबाद की "विनीत" परीक्षा,

(xiii) पांडिचेरी की नीचे लिखी फ्रेन्च परीक्षाएं :— (1) ब्रीवे एलीमेन्ट्यर (ii) ब्रीवे द एंसीमा प्रीमियर द लांग एंदियन (iii) ब्रीवे द एत्यूद टू यू प्रीमियेर सिक्ल (iv) ब्रीवे द एंसीमा प्रीमियेर सुपीरियेर द लोंग इंदियेन और (v) ब्रीवे द लांग इंदियेन (वर्नाक्यूलर),

(xiv) गोआ, दमन और दीव की पुर्तगाली परीक्षा "लाइसियूम" के पांचवें वर्ष में पास,

(xv) इंडियन आर्मी, स्पेशल सार्टिफिकेट आफ एजुकेशन,

(xvi) भारतीय नौसेना का हायर एजूकेशन टैस्ट,

(xvii) एडवांसड क्लास (भारतीय नौसेना) परीक्षा,

(xviii) सीलोन सीनियर स्कूल सार्टिफिकेट परीक्षा,

(xix) पूर्वी बंगाल, उच्चतर शिक्षा बोर्ड, ढाका द्वारा दिया गया प्रमाण-पत्र,

(xx) पूर्वी पाकिस्तान स्थित कोमीला, राजशाही/खुलना के उच्चतर शिक्षा बोर्ड द्वारा दिए गए उच्चतर स्कूल के प्रमाण पत्र,

(xxi) नेपाल सरकार की स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट परीक्षा,

(xxii) एंग्लो वर्नाक्यूलर स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट परीक्षा (बर्मा),

(xxiii) बर्मा हाई स्कूल फाइनल परीक्षा प्रमाण पत्र,

(xxiv) शिक्षा विभाग, बर्मा की एंग्लो वर्नाक्यूलर हाई स्कूल परीक्षा, (युद्ध पूर्व),

(xxv) साधारण स्तर पर लंका की जनरल सार्टिफिकेट आफ एजुकेशन नामक परीक्षा यदि वह अंग्रेजी तथा गणित और सिंहली या तमिल सहित छह विषयों में पास की गई हो,

(xxvi) बर्मा का पोस्ट वार स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट,

(xxvii) साधारण स्तर पर लंदन के ऐसोसिएटेड ऐक्जामिनेशन बोर्डस की जनरल सार्टिफिकेट आफ ऐजूकेशन परीक्षा, यदि वह अंग्रेजी सहित पांच विषयों में पास की गई हो,

(xxviii) किसी राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई जूनियर / सैकेन्डरी तकनीकी स्कूल परीक्षा,

(xxix) पूर्व मध्यमा (अंग्रेजी सहित) या पुरानी खण्ड मध्यमा (प्रथम दो वर्ष का पाठ्यक्रम) तथा वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के विषयो में से एक विषय अंग्रेजी सहित अतिरिक्त विषयों में विशिष्ठ परीक्षा।

टिप्पणी-1:—यदि कोई उम्मीदवार ऐसी परीक्षा दे चुका हो जिसमें उत्तीर्ण होने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है, लेकिन उसके परिणाम की सूचना उसे नहीं मिली हो तो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन पत्र भेज सकता है। जो उम्मीदवार उक्त किसी अर्हक (क्वाली-फाइंग) परीक्षा में बैठना चाहता हो वे भी आवेदन-पत्र दे सकते हैं बशर्ते कि यह अर्हक परीक्षा इस परीक्षा के शुरू होने से पहले समाप्त हो जाए। अन्य शर्तें पूरी होने पर ऐसे उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने की यह अनुमति अन्तिम मानी जायेगी और यदि वे उक्त परीक्षा पास करने का प्रमाण यथा शीघ्र और हर हालत में इस परीक्षा के शुरु होने की तारीख से अधिक से अधिक दो महीने में प्रस्तुत नही करते हैं तो वह अनुमति रद्द कर दी जा सकेगी।

टिप्पणी-2.—कुछ आपवादिक मामलों में, स्कूल किसी ऐसे उम्मीदवार को स्कूल अर्हता-प्राप्त उम्मीदवार मान सकता है जिसके पास उक्त नियमों के अनुसार कोई उपाधि नही है, बशर्ते कि वह उस स्तर तक अर्हता प्राप्त है, जो स्कूल की राय में परीक्षा में बैठने के लिए उचित है।

6. जो उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का न हो, या संघ शासित क्षेत्र पांडिचेरी का निवासी न हो, या संघ शासित क्षेत्र गोआ, दमन और दीव का निवासी न हो, या कैन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन करके न आया हो, वह प्रतियोगिता में तीन से अधिक बार नहीं बैठ सकेगा, किन्तु यह प्रतिबन्ध वर्तमान परीक्षा से लागू होगा।

टिप्पणी :—किसी उम्मीदवार को प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा हुआ तब माना जायगा जब वह वास्तव में किसी एक या अधिक विषयों की परीक्षा मे बैठा हो।

7. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में स्कूल का निर्णय अन्तिम होगा।

8. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जायगा जब तक उसके पास स्कूल का प्रवेश पत्र न हो।

9. यदि कोई उम्मीदवार स्कूल द्वारा इस बात के लिए दोषी घोषित किया जाए या किया गया हो कि उसने दूसरे व्यक्ति से अपनी परीक्षा दिलवाई है या जाली प्रलेख अथवा ऐसे प्रलेख प्रस्तुत किए हैं जिनमें हेरा-फेरी की गई है या गलत या झूठे वक्तव्य दिए गए हैं या कोई महत्वपूर्ण बात छिपाई है या परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी और अनियमित या अनुपयुक्त तरीके से काम लिया है अथवा परीक्षा भवन में अनुचित तरीकों का प्रयोग किया है या प्रयोग करने की कोशिश की है या परीक्षा भवन में कोई दुर्व्यवहार किया है, तो उस पर आपराधिक अभियोग चलाए जाने के अतिरिक्त :—

(क) स्कूल उसे उम्मीदवारों के चुनाव के लिए स्कूल द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा या इन्टरव्यू में शामिल होने से रोक सकता है, और

(ख) उपयुक्त नियमों के अधीन उस पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

10. यदि कोई उम्मीदवार किसी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने की कोई कोशिश करेगा तो उसे उक्त परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

11. परीक्षा के बाद अन्तिम रूप से प्रत्येक उम्मीदवार को दिए गए कुल अंको के आधार पर उम्मीदवारों की योग्यता क्रम से तीन अलग-अलग सूचियां बनाएगा, और उसी क्रम से परीक्षा के परिणामों के आधार पर क्रमश: केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा तथा सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा और भारतीय विदेश सेवा (ख) के ग्रेड VI में भरे जाने के लिए निश्चित अनारक्षित रिक्त स्थानों की संख्या के अनुसार जितने उम्मीदवार परीक्षा द्वारा अर्हता प्राप्त होंगे, उनकी नियुक्ति के लिए स्कूल सिफारिश करेगा।

लेकिन यह भी शर्त है कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिए किसी उम्मीदवार ने किसी सेवा/पद के लिए स्कूल द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार अर्हता प्राप्त न की हो, फिर भी अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों के लिए उस सेवा/पद में, आरक्षित रिक्त स्थानों पर, यथा स्थिति यदि अयोग्य नहीं पाया गया हो, तो नियुक्ति के लिए सिफारिश कर दी जायगी ।

टिप्पणी :—उम्मीदवारों को यह स्पष्ट रूप से मालूम होना चाहिए कि यह प्रतियोगिता परीक्षा है, अर्हक परीक्षा नहीं । परीक्षा के परिणाम के आधार पर निम्नश्रेणी ग्रेड के लिए प्रवर सूची में नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या का निर्णय करने के लिए सरकार पूरी तरह से सक्षम है । इसलिए इस परीक्षा में निष्पादन के आधार पर निम्न श्रेणी लिपिक के रूप में नियुक्ति के लिए अधिकार के रूप में कोई उम्मीदवार दावा नहीं कर सकेगा ।

12. हर एक उम्मीदवार को परीक्षा फल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाये, इसका निर्णय स्कूल अपने विवेकानुसार करेगा और स्कूल परिणामों के संबंध में उनसे कार्य पत्र-व्यवहार नहीं करेगा ।

13. जब तक आवश्यक जांच के बाद सरकार संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा में नियुक्ति के लिए हर प्रकार से पात्र तथा उपयुक्त है, तब तक परीक्षा में पास हो जाने मात्र से ही नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता ।

14. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्त्तव्यों को कुशलतापूर्वक निभाने में बाधक हो । यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सका है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जायेगी । केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जायेगी जिनके बारे में नियुक्ति के संबंध में विचार किए जाने की सम्भावना हो ।

टिप्पणी :—विकलांग भूतपूर्व रक्षा सेवा के कार्मिकों के मामले में रक्षा सेवा के सैन्य विघटन डाक्टरी बोर्ड द्वारा दिया गया स्वस्थता प्रमाण-पत्र नियुक्ति के प्रयोजन के लिए पर्याप्त समझा जायेगा ।

15. इस परिणाम के आधार पर की जाने वाली सभी नियुक्तियों के साथ एक शर्त यह होगी कि यदि उम्मीदवार ने सचिवालय प्रशिक्षण स्कूल द्वारा ली गई अंग्रेजी या हिन्दी का कोई आवधिक टंकण परीक्षा पहले ही पास न की हो तो वह नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अथवा इस प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा संचालित अंग्रेजी में 30 शब्द अथवा हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति से ऐसी परीक्षा पास करेगा, ऐसा न करने पर जब तक वह परीक्षा पास नहीं कर लेता तब तक उसे वार्षिक वेतन वृद्धि (वृद्धियां) नहीं दी जायेगी ।

यदि कोई उम्मीदवार परिवीक्षा की अवधि में उक्त परीक्षा पास नहीं कर लेता तो उसे अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड में नियुक्त करने से पूर्व मूल नियुक्ति पर अथवा अस्थायी पद पर लौटा दिया जायेगा ।

टिप्पणी-1 :—परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्त जिस उम्मीदवार ने उपर्युक्त निर्धारित आधार पर टंकण परीक्षा पहले ही पास कर लेता है, तो उसे पहली वेतन वृद्धि एक वर्ष के बजाय छः महीने के बाद ही दी जायेगी, परन्तु इसे बाद में नियमित वेतन वृद्धियों में समाविष्ट कर लिया जायेगा ।

टिप्पणी-2 :—टिप्पणी-1 में उल्लिखित रियायत के अतिरिक्त दो अग्रिम वेतन वृद्धियां जो अगली वेतन-वृद्धियों में समाविष्ट कर ली जाएंगी, उसे दी जायेगी जो नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष में अंग्रेजी में 40 शब्द अथवा हिन्दी में 35 शब्द प्रति मिनट की गति से टंकण परीक्षा पास करेगा ।

16. यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा में प्रवेश पत्र भेजने के बाद अथवा परीक्षा में बैठने के बाद अपने चतुर्थ श्रेणी पद की नियुक्ति से त्यागपत्र दे देता है अथवा और किसी कारणवश सेवा या सेवाएं छोड़ देता है अथवा उससे संबंध विच्छेद कर लेता है अथवा उसकी सेवा विभाग द्वारा समाप्त कर दी जाती है । अथवा वह संवर्ग बाह्य पर अथवा अन्य सेवा में स्थानान्तरण पर नियुक्त किया जाता है और चतुर्थ श्रेणी पद पर उसका पुनर्ग्रहणाधिकार नहीं रहता है, तो वह इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त होने का पात्र नहीं होगा ।

परन्तु यह बात उस चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के मामले में लागू नहीं होगी जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया गया है ।

एम० के० वासुदेवन
अवर सचिव

परिशिष्ट

1. परीक्षा के विषय, समय तथा प्रत्येक विषय के अधिकतम अंक निम्नलिखित अनुसार होंगे :—

विषय		अधिकतम अंक	स्वीकृत समय
(i) सामान्य अंग्रेजी तथा लघु निबन्ध			
(क) लघु निबन्ध	100	300	3 घंटे
(ख) सामान्य अंग्रेजी	200		
(ii) सामान्य ज्ञान, भारत का भूगोल सहित		100	2 घंटे

2. परीक्षा का पाठ्य विवरण इस परिशिष्ट की अनुसूची में बताए गए अनुसार होगा ।

3. उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्र (i) का विषय (क) अथवा प्रश्न-पत्र (ii) अथवा दोनों का उत्तर अपनी इच्छानुसार हिन्दी अथवा अंग्रेजी में लिखने की अनुमति होगी । सभी उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्र (i) के विषय (ख) का उत्तर केवल अंग्रेजी में देना चाहिए ।

टिप्पणी-1 :—पूर्ण प्रश्न-पत्र के लिए प्रश्न चुनने की अनुमति होगी न कि उसी पत्र के विभिन्न प्रश्नों के लिए ।

टिप्पणी-2 :—जो उम्मीदवार उक्त प्रश्न-पत्रों के उत्तर हिन्दी में लिखने के इच्छुक हों उन्हें आवेदन पत्र के कालम 18 में स्पष्ट रूप से अपनी इच्छा बतानी चाहिए । अन्यथा यह अनुमान कर लिया जाएगा कि वे अंग्रेजी में उत्तर लिखेंगे ।

4. उम्मीदवार को उत्तर अपने हाथ से लिखना चाहिए । उन्हें किसी भी परिस्थिति में उत्तर लिखने के लिए किसी भी सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

5. सचिवालय प्रशिक्षण स्कूल अपने विवेकानुसार परीक्षा के किसी विषय अथवा सभी विषयों के पास होने के अंक निर्धारित करेगा ।

6. अधिक सतही ज्ञान के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे ।

7. अस्पष्ट लिखावट के लिए लिखित विषयों के लिए अधिकतम अंकों के 5 प्रतिशत अंक काट लिए जाएंगे ।

8. परीक्षा के सभी विषयों में क्रमबद्ध प्रभावी तथा यथार्थ और साथ ही साथ कम शब्दों में अभिव्यक्ति के लिए विशेष ध्यान और अंक दिये जाएंगे ।

अधिसूची

साधारण अंग्रेजी तथा लघु निबन्ध :

(क) लघु निबन्ध : कुछ निर्दिष्ट विषयों में से एक पर निबन्ध लिखना ।

(ख) सामान्य अंग्रेजी : उम्मीदवारों को निम्नलिखित विषयों की परीक्षा ली जाएगी ।

(1) आलेखन,

(2) सार-लेखन,

(3) प्रयुक्त व्याकरण, और

(4) आरम्भिक सारणीकरण (सारणी के रूप में आंकड़ों का संकलन, व्यवस्थापन और प्रस्तुतीकरण के कार्य की उम्मीदवारों की योग्यता की जांच करने के लिए ।

सामान्य ज्ञान भारतीय भूगोल सहित

सामयिक घटनाओं और प्रतिदिन अवलोकन और अनुभव होने वाले ऐसे विषयों की जानकारी तथा उनके वैज्ञानिक पक्षों का ज्ञान, जिनकी किसी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो । इस प्रश्न-पत्र में भारत के भूगोल से संबंधित प्रश्न भी सम्मिलित होंगे ।

नई दिल्ली, दिनांक 28 नवम्बर 1970

सं० 8/70/70 सी० एस०-2—संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1971 में निम्नलिखित सेवाओं/पदों में अस्थायी रिक्तियों में नियुक्ति के लिये ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम जन-साधारण की सूचना के लिये प्रकाशित किये जाते हैं :—

(i) भारतीय विदेश सेवा (ख) आशुलिपिक सब-केडर का (ग्रेड II) ।

(ii) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा-ग्रेड II ।

(iii) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा-ग्रेड II (ग्रेड की चयन-सूची में सम्मिलित करने के लिए) ।

(iv) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा-ग्रेड II ।

(v) निर्वाचन आयोग, दिल्ली के कार्यालयों में आशुलिपिकों के पद ।

(vi) केन्द्रीय सतर्कता आयोग दिल्ली के कार्यालय में आशुलिपिकों के पद ।

(vii) संसद कार्य विभाग दिल्ली में आशुलिपिकों के पद ।

(viii) पर्यटन विभाग दिल्ली में आशुलिपिकों के पद ।

(ix) अनुसंधान डिजायन तथा मानक संगठन लखनऊ के महानिदेशालय में आशुलिपिकों के पद ।

(x) आयुध निर्माणी के महानिदेशालय, कलकत्ता में आशुलिपिकों के पद ।

(xi) भारतीय विदेश सेवा (ख)/रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा/केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा में भाग न लेने वाले भारत सरकार के विभागों तथा अधीन संबद्ध कार्यालयों में आशुलिपिकों के पद ।

उपर्युक्त सेवाओं/पदों में से किसी एक या एक से अधिक से संबंधित परीक्षा में प्रवेश के लिए यदि कोई उम्मीदवार आवेदन दे सकता है । इन सेवाओं/पदों में से जितनों के लिए भी वह उम्मीदवार होना चाहे अपने आवेदन-पत्र में उनका निर्देश कर सकता है ।

टिप्पणी 1—उम्मीदवारों को चाहिये, कि वे जिन सेवाओं/पदों के लिये प्रतियोगिता करना चाहते हैं उनका प्राथमिकताक्रम स्पष्टतः लिख दें । उम्मीदवार द्वारा प्रारंभ में अपने आवेदन-पत्र में निर्दिष्ट सेवाओं/पदों के प्राथमिकता क्रम में परिवर्तन करने की किसी भी ऐसी प्रार्थना पर, जो संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में 31 अगस्त, 1971 को या उससे पहले न मिल जाये, विचार नहीं किया जायेगा ।

टिप्पणी 2—इस परीक्षा के आधार पर भर्ती करने वाले भारत सरकार के कुछ विभागों/कार्यालयों को केवल अंग्रेजी के आशुलिपिकों की आवश्यकता होगी, और इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर इन विभागों कार्यालयों में आशुलिपिकों के पदों पर नियुक्तियां केवल उन व्यक्तियों में से की जायेंगी जो अंग्रेजी में लिखित परीक्षा तथा आशुलिपिकी परीक्षाओं के आधार पर

आयोग द्वारा सिफारिश किए जायेंगे (नियमों के परिशिष्ट के पैरा 3 के संदर्भ में)

2. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इस परीक्षा का संचालन इन नियमों के परिशिष्ट 1 में विहित विधि से किया जाएगा।

परीक्षा की तारीखें और स्थान आयोग द्वारा निश्चित किये जायेंगे।

3. (1) यह आवश्यक है कि उम्मीदवार या तो

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से पहली जनवरी, 1962 से पूर्व भारत आ गया हो, या

(च) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से पाकिस्तान, वर्मा, लंका और कैन्या, उगाण्डा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानीका और जंजीबार) इन पूर्वी अफ्रीकी देशों में प्रव्रजित हुआ हो।

परन्तु ऊपर की (ग), (घ), (ङ) और (च) श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा उनके नाम दिया गया पात्रता-प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

परन्तु निम्नलिखित में से किसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं होगा :—

(i) वे व्यक्ति जो 19 जुलाई, 1948 से पहले पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित हुए और तब से साधारणत: भारत में ही रह रहे हैं।

(ii) वे व्यक्ति जो 19 जुलाई, 1948 को या उसके बाद पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित हुए और संविधान के अनुच्छेद 6 के अधीन अपने आपको भारत के नागरिक के रूप में पंजीकृत कर चुके हैं।

(iii) ऊपर की (घ) श्रेणी के वे गैर नागरिक, जो संविधान लागू होने की तारीख अर्थात् 26 जनवरी, 1950 से पहले भारत सरकार की सेवा में आए और तब से लगातार उस सेवा में काम कर रहे हैं। परन्तु किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जो सेवा भंग करके 26 जनवरी, 1950 के बाद उस सेवा में फिर आया हो या फिर आए, तो उसे औरो की तरह पात्रता-प्रमाण-पत्र लेना आवश्यक होगा।

इसके अलावा एक शर्त यह भी है कि उपर्युक्त (ग) (घ) और (ङ) श्रेणियों के उम्मीदवार भारतीय विदेश सेवा (ख) (आशुलिपिकों के सब केडर के ग्रेड-II में नियुक्त के लिए पात्र नहीं होंगे)।

किसी उम्मीदवार को, जिसके मामले में पात्रता-प्रमाण-पत्र आवश्यक है, यदि सरकार आवश्यक प्रमाण पत्र देदे तो, परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है और अनन्तिम रूप में उसकी नियुक्ति भी की जा सकती है।

4. जो उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का न हो, या संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरि का या संघ राज्य क्षे गोवा, दमन और दियू का निवासी न हो, या कैन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन कर के न आया हो वह परीक्षा में दो बार से अधिक प्रतियोगिता नहीं कर सकेगा, किन्तु यह प्रतिबंध सन् 1962 में हुई परीक्षा से लागू होगा।

टिप्पणी 1—यदि कोई उम्मीदवार एक या अधिक सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगिता करे तो, इस नियम के प्रयोजन के लिये उस उम्मीदवार की परीक्षा के अन्तर्गत आने वाली सभी सेवाओं/पदों के लिए एक बार प्रतियोगिता-परीक्षा में बैठा माना जाएगा।

टिप्पणी 2—किसी उम्मीदवार को प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा हुआ तब माना जायगा, जब वह वास्तव में किसी एक या अधिक विषयों की परीक्षा में बैठा हो।

5. (क) इस परीक्षा में बैठने के लिए यह जरूरी है कि 1 जनवरी, 1971 को उम्मीदवार की आयु पूरे 18 साल की हो गई हो और पूरे 24 साल की न हुई हो, अर्थात उसका जन्म 2 जनवरी, 1947 से पहले और 1 जनवरी, 1953 के बाद न हुआ हो।

(ख) उक्त ऊपरी आयु सीमा में उन व्यक्तियों के मामले में 35 वर्ष की आयु तक की छूट दे दी जाएगी जो भारत सरकार के विभिन्न विभागों/कार्यालयों अथवा निर्वाचन आयोग तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के कार्यालयों में आशुलिपिकों (इसमें भाषा आशुलिपिक भी शामिल है)। लिपिकों (आशु-टंककों) के पदों पर नियुक्त है और 1 जनवरी, 1971 को जिन्होंने आशुलिपिक (भाषा आशुलिपिक समेत)/लिपिक/आशुटंककों के रूप में कम से कम तीन वर्ष निरन्तर सेवा की है, तथा उक्त पदों पर अभी तक काम कर रहे हैं।

परंतु उपर्युक्त आयु संबंधी छूट उन व्यक्तियों को नहीं दी जाएगी जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा पहले ली गई परीक्षाओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी में आशुलिपिक के रूप में नियुक्त किये जा चुके हैं :—

(i) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-II, या

(ii) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा, या

(iii) भारतीय विदेश सेवा (ख), या

(iv) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा।

टिप्पणी :—डाक व तार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में नियुक्त रेल-डाक छंटाईकारों की सेवा उपर्युक्त नियम 5(ख) के प्रयोजन के लिये लिपिक के ग्रेड में की गई सेवा मानी जाएगी।

(ग) ऊपर के सभी मामलों में ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित रूप में अतिरिक्त छूट दी जाएगी :—

(i) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(ii) यदि उम्मीदवार पूर्वी पाकिस्तान से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो, और 1 जनवरी, 1964 या उसके बाद प्रव्रजन करके भारत में आया हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(iii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तथा पूर्वी पाकिस्तान से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद प्रव्रजन कर भारत आया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(iv) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी का निवासी हो और किसी स्तर पर उसकी शिक्षा फ्रेंच भाषा के माध्यम से हुई हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(v) यदि उम्मीदवार लंका से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्टूबर, 1964 के भारत लंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद में लंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिकतम तीन वर्ष तक,

(vi) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से सम्बन्धित हो तथा लंका से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 से भारत लंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद लंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम आठ वर्ष तक,

(vii) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र गोवा, दमन और दियु का निवासी हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(viii) यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और केन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजित हो तो अधिकतम 3 वर्ष,

(ix) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(x) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिकतम आठ वर्ष तक,

(xi) किसी दूसरे देश में झगड़ों के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियों को करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से रिलीज्ड रक्षा-सेवा-कार्मिकों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष,

(xii) किसी दूसरे देश से झगड़ों के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियाँ करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से रिलीज्ड ऐसे रक्षा-सेवा-कार्मिकों के मामलों में, जो अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों से सम्बन्धित हो, अधिकतम 8 वर्ष तक ।

ऊपर बताई गई स्थितियों के अलावा ऊपर विहित आयु सीमाओं में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जायेगी ।

ध्यान दें :—(i) यदि किसी उम्मीदवार को उपर्युक्त नियम 5(ख) में उल्लिखित आयु सम्बन्धी रियायतों के अन्तर्गत परीक्षा में बैठने दिया गया हो और यदि वह आवेदन पत्र देने के बाद परीक्षा में बैठने से पहले या बाद में, नौकरी से त्यागपत्र दे दे या उसके विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएं तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । लेकिन यदि आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के बाद सेवा या पद से उसकी छंटनी हो जाय तो वह पात्र बना रहेगा ।

(ii) किसी आशुलिपिक (भाषा आशुलिपिक समेत) लिपिक/आशुटंक जो सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से किसी संसर्ग पद (एक्स-कैडर पोस्ट) पर प्रतिनियुक्ति हो, तो उसे परीक्षा में बठने दिया जायगा, यदि वह अन्यथा पात्र हो ।

6. यह आवश्यक है कि उम्मीदवारों ने नीचे लिखी परीक्षाओं में से कोई एक पास की हो, और उसके पास निम्नलिखित में से कोई एक प्रमाण पत्र हो :

(i) भारत के केन्द्रीय या राज्य विधान मण्डल के किसी अधिनियम द्वारा निगमित किसी विश्वविद्यालय की मैट्रिक परीक्षा,

(ii) किसी राज्य के शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक स्कूल कोर्स के अंत में शालान्त (स्कूल लिविंग), माध्यमिक स्कूल, हाई स्कूल या ऐसे किसी और प्रमाण-पत्र के दिये जाने के लिये, जिसे वह राज्य सरकार नौकरी में प्रवेश के लिए मैट्रिक के प्रमाण पत्र के समकक्ष मानती हो, ली गई परीक्षा,

(iii) कैम्ब्रिज स्कूल प्रमान पत्र परीक्षा (सीनियर) कैम्ब्रिज),

(iv) राज्य सरकारों द्वारा ली गई यूरोपीय हाई स्कूल परीक्षा,

(v) श्री अरबिंद अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी के उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम या दसवीं का प्रमाण पत्र,

(vi) दिल्ली पोलीटैक्निीक के तकनीकी हायर सैकेंडरी स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र,

(vii) मान्यता प्राप्त हायर सैकेंडरी स्कूल/मल्टीपरपज स्कूल द्वारा हायर सैकेंडरी पाठ्यक्रम/मल्टीपरपज पाठ्यक्रम (जो किसी उम्मीदवार को 3 वर्ष के लिये

डिग्री कोर्स के लिए प्रवेश के लिए योग्य बनाता हो) के उपान्तिम वर्ष ली गई परीक्षा में उत्तीर्ण,

(viii) मान्यता-प्राप्त उस स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र जो इंडियन स्कूल सार्टिफिकेट परीक्षा के लिए छात्रों को पढ़ाता है,

(ix) जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली की जूनियर परीक्षा, केवल जामिया के वास्तविक आवासी छात्रों के लिये,

(x) बंगाल (विज्ञान) स्कूल सार्टिफिकेट,

(xi) नेशनल काउन्सिल आफ एजुकेशन (राष्ट्रीय शिक्षा परिषद्) जादवपुर, पश्चिमी बंगाल की (शुरू से से लेकर) फाइनल स्कूल स्टैंडर्ड परीक्षा,

(xii) पांडिचेरी की नीचे लिखी फ्रेंच परीक्षाएं,
(i) ब्रीवे एलिमेंतेयर (ii) ब्रीवे द "एंसीमा" प्रीमियर द लांग इंदियेन (iii) ब्रीवे दे एल्यूदद्यू प्रीमयेर सीवल (iv) ब्रीवे द एंसीमा प्रीमियेर सुपीरियेर दे लांग इदियेन और (v) ब्रीवे दे लांग इंदियेन (वर्नाकूलर),

(xiii) इंडियन आर्मी स्पैशल सार्टिफिकेट आफ एजूकेशन,

(xiv) भारतीय नौसेना का हायर एजुकेशनल टैस्ट,

(xv) एडवांस्ड क्लास (भारतीय नौसेना) परीक्षा,

(xvi) सीलोन सीनियर स्कूल सार्टिफिकेट परीक्षा,

(xvii) ईस्ट बंगाल सकेण्ड्री एजुकेशन बोर्ड, ढाका द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र,

(xviii) कोमीला/राजशाही/खुलना (पूर्वी पाकिस्तान) के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दिए जाने वाले माध्यमिक स्कूल प्रमाण पत्र,

(xix) नेपाल सरकार की स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट परीक्षा,

(xx) एंग्लो वर्नाकूलर स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट बर्मा,

(xxi) बर्मा हाई स्कूल फाइनल एग्जामिनेशन सार्टिफिकेट

(xxii) शिक्षा विभाग बर्मा (युद्ध पूर्व) की एंग्लोवर्नाकूलर हाई स्कूल परीक्षा,

(xxiii) बर्मा का पोस्ट वार स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट,

(xxiv) गुजरात विद्यापीठ अहमदाबाद की "वीनित" परीक्षा,

(xxv) गोआ, दमन और दियु की पुर्तगाली परीक्षा" बाह सियूम के पांचवें वर्ष में पास,

(xxvi) "सामान्य" स्तर पर लंका की जनरल सार्टिफिकेट आफ एजुकेशन नामक परीक्षा, यदि वह अंग्रेजी तथाहै गणित और सिंहली या तमिल समित छः विषयों में पास की गई हो।

(xxvii) सामान्य स्तर पर लंदन के एसोशियेटेड एंग्जामिनशन बोर्ड्स की जनरल सार्तिफिकेट आफ एजुकेशन परीक्षा, यदि वह अंग्रेजी सहित पांच विषयों में पास की गई हो ;

(xxiii) किसी राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई जूनियर सैकेण्ड्री तकनीकी स्कूल परीक्षा,

(xxix) पूर्व मध्यमा (अंग्रेजी सहित), या पुरानी खण्ड मध्यमा (प्रथम दो वर्ष का पाठ्यक्रम) और वाराण्सेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, के विषयों के अंग्रेजी सहित अतिरिक्त विषयों में विशिष्ट परीक्षा।

टिप्पणी—1 : यदि कोई उम्मीदवार एसी परीक्षा, जिसमें उत्तीर्ण होने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है, दे चुका हो, लेकिन उसके परिणाम की सूचना उसे नहीं मिली हो तो ऐसी स्थिति है वह इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन पत्र भेज सकता है। जो उम्मीदवार उक्त किसी अर्हक (क्वालिफाइंग) परीक्षा में बैठना चाहता हो, वे भी आवेदन पत्र दे सकते हैं बशर्ते कि वह अर्हक परीक्षा इस परीक्षा के शुरू होने से पहले पूरी हो जाए। ऐसे उम्मीदवारों को यदि वे अन्य शर्तें पूरी करते हों, परीक्षा में बैठने दिया जाएगा, किन्तु परीक्षा में बैठने की अनुमति अनन्तिम होगी और यदि वे उक्त परीक्षा पास करने का प्रमाण पत्र जल्दी से जल्दी और हर हालत में इस परीक्षा शुरू होने की तारीख से अधिक से अधिक दो महीने के अन्दर प्रस्तुत नहीं करते तो यह अनुमति रद्द की दी सकेगी।

टिप्पणी—2 : किन्हीं आपवादिक मामलों में, किसी ऐसे उम्मीदवार को जिसके पास इस नियम में विहित उपाधि नहीं है संघ लोक सेवा आयोग अर्हता प्राप्त उम्मीदवार मान सकता है, बशर्ते कि उसने किन्हीं और संस्थाओं की ऐसी परीक्षाएं पास की हुई हों जिनका स्तर, आयोग की राय में, परीक्षा में प्रवेश के लिए न्यायोचित है।

7. जिस व्यक्ति ने] :—

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है जिसका जीवित पति/पत्नी पहले से है या

(ख) जिसने जीवित पति/पत्नी रखते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह अनुबन्ध किया है तो सेवा में नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं माना जाएगा जब तक कि केन्द्रीय सरकार संतुष्ट न हो जाए कि ऐसे व्यक्ति तथा विवाहित व्यक्ति के दूसरे पक्ष के लिए प्रवृत्त व्यक्तिक कानून के अनुसार ऐसा विवाह स्वीकार्य है और उसको इस नियम से छूट न दे दे।

(ग) कोई भी व्यक्ति जिसने किसी विदेशी राष्ट्रिक से विवाह किया हो भारतीय विदेश सेवा (ख) में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

(घ) जिस व्यक्ति के तीन से अधिक बच्चे होंगे वह भारतीय विदेश सेवा (ख) में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

8. जो उम्मीदवार स्थायी या अस्थायी हैसियत में पहले से ही सरकारी सेवा कर रहा हो, उसे इस परीक्षा में बैठने के

लिए अपने विभाग अध्यक्ष की अनुमति अवश्य ले लेनी चाहिए ।

9. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो सम्बन्धित सेवा/पद के अधिकारी के रूप में अपने कर्त्तव्यों को कुशलतापूर्वक निभाने में बाधक हो । यदि सक्षम अधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन शर्तों को पूरा नहीं कर सका है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी । केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जाएगी जिन पर नियुक्ति के सम्बन्ध में विचार किए जाने की संभावना हो ।

टिप्पणी :—अशक्त भूतपूर्व रक्षा सेवा कार्मिकों के सम्बन्ध में रक्षा सेवा के डीमोबीलाइजेशन मैडिकल बोर्ड द्वारा दिया गया स्वस्थ्यता प्रमाणपत्र नियुक्ति के लिए पर्याप्त समझा जाएगा ।

10. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा ।

11. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक उसके पास आयोग का प्रवेश पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) न हो ।

12. उम्मीदवारों को आयोग की विज्ञप्ति के अनुबंध दो में विहित फीस देनी होगी ।

13. यदि कोई उम्मीदवार किसी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने की कोई कोशिश करेगा तो वह परीक्षा में बैठने के लिए अनर्ह घोषित किया जा सकेगा ।

14. यदि कोई उम्मीदवार आयोग द्वारा इस बात के लिए दोषी घोषित किया जाए या कर दिया गया हो कि उसने किसी दूसरे व्यक्ति से, अपनी परीक्षा दिलवाई है या जाली प्रमाण पत्र आदि पेश किए हैं या ऐसे प्रमाण पत्र पेश किए हैं जिनमें कोई हेरा फेरी की गई है या गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है या परीक्षा में प्रवेश प्राप्त करने के लिए किसी और अनियमित या अनुपयुक्त तरीके से काम लिया है या परीक्षा भवन में अनुचित तरीकों से काम लिया है या काम लेने की कोशिश की है या परीक्षा भवन में कोई अनुचित आचरण किया है तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रोजीक्यूशन) चलाया जा सकता है और साथ ही :—

(क) आयोग उसे हमेशा के लिए या किसी विशेष अवधि के लिए :—

(i) आयोग उम्मीदवारों के चुनाव के लिए उसके द्वारा ली जाने वाली किसी परीक्षा या इन्टरव्यू में शामिल होने से रोक सकता है, और

(ii) केन्द्रीय सरकार, अपने अधीन नियुक्त होने से रोक सकती है,

(ख) यदि वह पहले से ही सरकारी सेवा में नियुक्त हो तो उसके खिलाफ उपयुक्त नियमों के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है ।

15. भारत सरकार जैसा निश्चित करे, उस तरह से निर्धारित अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिमजातियों के उम्मीदवाव के लिए पद आरक्षित रखे जाएंगे ।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों का अर्थ है, संविधान (अनुसूचित जातियों) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जातियों) (भाग ग राज्य) आदेश 1950, तथा संविधान (अनुसूचित आदिम जातियों) (भाग ग राज्य) आदेश, 1951, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960 तथा पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के साथ पठित अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों की अनुसूचितयों (आशोधन) आदेश, 1956, संविधान (जम्मू व कश्मीर) अनुसूजित जाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959 संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962, संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962 संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964 संविधान अनुसूचित आदिम जाति (उत्तर प्रदेश), आदेश, 1967, संविधान (गोआ, दमन और दीव) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1968 तथा संविधान (नागालैंड) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1970 में उल्लिखित कोई जाति/आदिम जाति ।

16. परीक्षा के पश्चात प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अंतिम रूप से प्राप्त कुल अंकों के आधार पर आयोग उनकी एक वरिष्ठता के क्रम से सूची बनाएगा और क्रम के अनुसार आयोग उस परीक्षा में जितने उम्मीदवारों को सफलता प्राप्त समझेगा, उनके नाम अपेक्षित संख्या तक केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड II की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए और इस परीक्षा के परिरणामों के आधार पर भरे जाने वाले अन्य सेवाओं/पदों में अनारक्षित रिक्तियों में नियुक्ति के लिए के लिए अपेक्षित संख्यातक के नाम भेजे जाएंगे ।

यह व्यवस्था की जाती है कि अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित आदिम जातियों का कोई उम्मीदवार किसी सेवा/पद के लिए आयोग द्वारा निर्धारित स्तर प्राप्त न भी कर सका हो परन्तु केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड II की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए अथवा अन्य किसी सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए प्रशासन की दक्षता का ध्यान रखते हुए उपयुक्त समझा जायेगा तो अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित संख्या तक केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड II की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए और अन्य सेवाओं /पदों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित अन्य सेवाओं/पदों में नियुक्ति के लिए उनके नाम भेजे जायेंगे ।

17. आवेदन-पत्र भेजते समय विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए उम्मीदवार द्वारा दी गई प्राथमिकताओं को परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्तियों करते समय समुचित रूप से ध्यान में रखा जायेगा ।

18. हर एक उम्मीदवार को परीक्षा फल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाए ? इसका निर्णय आयोग अपने

विवेकानुसार करेगा और आयोग परिणामों के बारे में उनसे कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

19. परीक्षा में पास हो जाने मात्र से ही नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता। इस के लिए आवश्यक है कि सरकार आवश्यकतानुसार जांच करके इस बात से संतुष्ट हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है।

20. उन सेवाओं/पदों के बारे में, जिनके लिये इस परीक्षा द्वारा भर्ती की जा रही है, संक्षिप्त ब्योरा परिशिष्ट II में दिया गया है।

एम० के० बासुदेवन, अवर सचिव

परिशिष्ट-I

1. परीक्षा के विषय, तथा प्रत्येक विषय के लिए दिया गया समय तथा पूर्णांक इस प्रकार होंगे :—

भाग क—लिखित परीक्षा

विषय	दिया गया समय	पूर्णांक
1. अंग्रेजी . .	3 घंटे	100
2. सामान्य ज्ञान . .	3 घंटे	100

भाग ख——हिन्दी या अंग्रेजी आशुलिपि परीक्षा (लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले के लिए) 300 अंक

टिप्पणी:—उम्मीदवारों को अपने आशुलिपि नोट टंकण मशीन पर लिप्यंतृ करने होंगे, और इस प्रयोजन के लिए उन्हें अपनी टंकन मशीन लानी होगी।

2. लिखित परीक्षा के लिए पाठ्य विवरण तथा आशु लिपि की परीक्षाओं की योजना इस परिशिष्ट की संलग्न अनुचीसू में दिए गए अनुसार होगी।

3. उम्मीदवार लिखित परीक्षा के सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र II का उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में लिखने का विकल्प कर सकते हैं। यह विकल्प पूर्ण प्रश्न पत्र के लिए लागू होगा न कि उसमें किसी भाग के लिए।

जो उम्मीदवार पूर्वोक्त प्रश्न पत्र हिन्दी में लिखने का विकल्प करेंगे उन्हें आशुलिपि की परीक्षाओं में भी केवल हिन्दी में लिखना होगा, और जो उम्मीदवार पूर्वोक्त प्रश्न पत्र अंग्रेजी लिखने का विकल्प करेंगे उन्हें आशुलिपि की परीक्षाओं में भी केवल अंग्रेजी में लिखना होगा।

टिप्पणी 1—जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा के सामान्य ज्ञान का II प्रश्न पत्र का उत्तर तथा आशुलिपि की परीक्षाओं में हिन्दी में लिखने के इच्छुक हों, तो यह विकल्प आवेदन पत्र के कालम 8 में लिखें। अन्यथा यह माना जायेगा कि उम्मीदवार लिखित परीक्षा तथा आशुलिपि की परीक्षाओं में अंग्रेजी में लिखेंगे।

टिप्पणी-2—जो उम्मीदवार उपर्युक्त संख्या 3 पैरा के अनुसार विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों में परीक्षा देना चाहते हैं, और सामान्य ज्ञान के II प्रश्न पत्र का उत्तर तथा आशुलिपि की परीक्षाओं में हिन्दी में लिखना चाहते हैं, उन्हें अपने निजी व्यय पर आशुलिपि की परीक्षाएं विदेश में किसी भारतीय मिशन, में जहां ऐसी परीक्षाएं लेने के आवश्यक प्रबंध हों, परीक्षा देनी पड़ सकती है।

4. लिखित परीक्षा का अंग्रेजी प्रश्न पत्र (I) का उत्तर सही उम्मीदवारों द्वारा अंग्रेजी में देना अनिवार्य है।

5. जो उम्मीदवार 120 शब्द प्रति मिनट वाले डिक्टेशन में न्यूनतम योग्यता प्राप्त कर लेंगे उन्हें 100 शब्द प्रति मिनट वाले डिक्टेशन में वही स्तर प्राप्त करने वाली उम्मीदवारों से क्रम से ऊपर होंगे। प्रत्येक वर्ग में उम्मीदवारों को प्रत्येक उम्मीदवार को दिए कुल अंकों के अनुसार, पारस्परिक प्रवरता अनुक्रम से रखा जाएगा (निम्नलिखित अनुसूची का भाग ख को देखें)।

6. उम्मीदवारों को सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे। किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. आयोग अपने विवेकानुसार परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक निर्धारित करेगा।

8. केवल उन्हीं उम्मीदवारों को आशुलिपि परीक्षा के लिये बुलाया जाएगा जो आयोग द्वारा अपने विवेकानुसार नियत किए गए न्युनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेंगे।

9. केवल सतही ज्ञान के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे।

10. अस्पष्ट लिखावट के कारण, लिखित विषयों के अधिकतम अंकों में से, 5 प्रतिशत तक काट लिए जाएंगें।

11. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात की विशेष लिहाज रखा जाएगा कि भाषाभिव्यक्ति आवश्यकतानुसार कम-से-कम शब्दों में, क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई है।

अनुसूची

परीक्षा का स्तर और पाठ्य विवरण

टिप्पणी : भाग "क" के प्रश्न-पत्रों का स्तर लगभग सही होगा जो किसी भारतीय विश्वविद्यालय की मट्रिकुलेशन परीक्षा का होता है।

अंग्रेजी : यह प्रश्न-पत्र इस रूप से तैयार किया जायेगा, जिससे उम्मीदवारों के अंग्रेजी—व्याकरण और निबन्ध-रचना के ज्ञान की तथा अंग्रेजी भाषा को समझने और शुद्ध अंग्रेजी लिखने की उनकी योग्यता की जांच हो जाए। अंक देते समय वाक्य-विन्यास, सामान्य अभिव्यक्ति और भाषा-कोशल को ध्यान में रखा जायेगा। इस प्रश्न-पत्र में निबन्धलेखन, सार-लेखन, मसौद-लेखन, शब्दों का शुद्ध प्रयोग, आसान मुहावरों और उपसर्ग (प्रीपोजीशन), डायरेक्ट और इनडायरेक्ट स्पीच आदि शामिल किये जा सकते हैं।

सामान्य ज्ञान : निम्नलिखित विषयों की थोड़ी बहुत जानकारी:— भारत का संविधान, पंचवर्षीय योजनाएं, भारतीय इतिहास और संस्कृतिक, भारत का सामान्य और आर्थिक भूगोल सामयिक घटनाएं, सामान्य विज्ञान तथा दिन प्रतिदिन नजर आने वाली ऐसी बातें जिनकी जानकारी पढ़े लिखे व्यक्ति को होनी चाहिये । उम्मीदवारों के उत्तरों से यह प्रकट होना चाहिये कि उन्होंने प्रश्नों को अच्छी तरह समझा है । उनके उत्तरों में किसी पाठ्य पुस्तक के ब्यौरेवार ज्ञान की अपेक्षा नही की जाती ।

भाग-ख

आशुलिपि परीक्षाओं की योजना

अंग्रेजी में आशुलिपि की परीक्षाओं में दो डिक्टेशन परीक्षाएं होगी—एक 120 शब्द प्रति मिनट की गति से सात मिनट के लिये और दूसरी 100 शब्द प्रति मिनट की गति से दस मिनट के लिये जो उम्मीदवारों को क्रमशः 45 तथा 50 मिनटों में लिप्यंतर करने होंगे ।

हिन्दी मे आशुलिपि की परीक्षाओं में दो डिक्टेशन परीक्षाएं होगी—एक 120 शब्द प्रति मिनट की गति से सात मिनट के लिये और दूसरी 100 शब्द प्रति मिनट की गति से दस मिनट के लिये जो उम्मीदवारों को क्रमशः 60 तथा 65 मिनटों में लिप्यंतर करने होंगे ।

परिशिष्ट-II

उन सेवाओं/पदों से सम्बन्धित संक्षिप्त विवरण जिनके लिये इस परीक्षा द्वारा भर्ती की जा रही है ।

क—केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक (स्टेनोग्राफर) सेवा

केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा में इस समय निम्नलिखित चार ग्रेड हैं ।

चयन ग्रेड :—रु० 350–25–500–30–590 द० अ० 30–800–द० अ० 30–830 35–900 (ग्रेड I से पदोन्नत होने वाले व्यक्तियों को न्यूनतम रू० 500 का प्रारम्भिक वेतन दिया जाता है) ।

ग्रेड-I रु० 350–25–650– द० अ० 30–770 (ग्रेड II से पदोन्नत होने वाले व्यक्तियों को न्यूनतम रु० 400 का प्रारम्भिक वेतन दिया जाता है) ।

ग्रेड-II रु० 210–10–270–15–300 द० अ०–15–450–द० अ०–20–530 ।

ग्रेड-III रु० 130–5–160–8–200 द० अ० 256 द० अ० 8–280 ।

(2) सेवा के ग्रेड I में नियुक्त व्यक्ति दो वर्ष तक परिवीक्षाधीन रहेंगे । इस अवधि के दौरान उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करने पड़ सकते हैं और परीक्षाएं देनी पड़ सकती हैं ।

(3) परिवीक्षा की अवधि पूरी होने पर सरकार संबंधित व्यक्ति की उसके पद पर पुष्टि कर सकती है या यदि उस की कार्य अथवा आचरण सरकार की राय में असन्तोषजनक रहा तो उसे सेवा से निकाला जा सकता है या सरकार उसकी परिवीक्षा अवधि और जितनी बढ़ाना उचित समझे बढ़ा सकती है ।

(4) सेवा के ग्रेड II में भर्ती किये गये व्यक्तियों को केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा योजना में भाग लेने वाले मंत्रालयों या कार्यालयों में से किसी एक में नियुक्त कर दिया जायेगा । किन्तु उनकी किसी भी समय किसी भी ऐसे अन्य मंत्रालय या कार्यालय में बदली हो सकती है ।

(5) सेवा के ग्रेड II में भर्ती किये गये व्यक्ति इस सम्बन्ध में समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार अगले उच्चत्तर ग्रेड में पदोन्नत किये जाने के पात्र होंगे ।

(6) जिन लोगों की नियुक्ति सेवा के ग्रेड II में उनकी अपनी इच्छा के अनुसार की जायेगी, वे उस नियुक्ति के पश्चात् भारतीय विदेश सेवा (ख) के काडर में अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा योजना में शामिल किसी पद पर स्थानान्तरण या नियुक्ति का दावा न कर सकेंगे ।

ख—रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा

(क) भर्ती प्रशिक्षण, पदोन्नति आदि के सम्बन्ध में रेलवे मंत्रालय में नियुक्त आशुलिपिकों की सेवा शर्तें—रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा योजना के अधीन होंगी जो भूतपूर्व केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक—योजना के आधार पर बनाई गई है । इस योजना को अब केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा नियमों के आधार पर (जो हाल ही में जारी किये गये हैं) और संशोधित किया जा रहा है ।

(ख) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा रेलवे मंत्रालय तक ही सीमित है और केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के कर्मचारियों के समान अन्य मन्त्रालयों में इस मंत्रालय के कर्मचारियों का तबादला नहीं होता ।

(ग) इन नियमों के अधीन भर्ती किये गये रेलवे बोर्ड आशुलिपिक सेवा के अधिकारी :—

(i) पेंशन सम्बन्धी लाभो के भागी होंगे और

(ii) अंशदायी राज्य रेलवे भविष्यनिधि में उस निधि के उन नियमों के अधीन जो सेवा में शामिल होने की तिथि से रेलवे कर्मचारियों पर लागू होते हैं, अंशदान देंगे ।

(घ) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा मे नि-
किये गये उम्मीदवारो समय-समय पर रेलवे
द्वारा जारी किये गये आदेशों के अनुसार
और विशेषाधिकार-टिकट आदेशों के पा

(ङ) जहां तक छुट्टियों और सेवा की अ
हैं रेलवे बोर्ड सचिवालय अ
सम्मिलित कर्मचारियों को रे
के समान ही समझा जा
सबंधी सुविधाओं के f
होंगे जो उन अन्

पर लागू होते हैं जिनका मुख्यालय नई दिल्ली में हैं ।

ग—भारतीय विदेश सेवा (ख) आशुलिपिकों के उप-संवर्ग का ग्रेड–II ।

भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिक उप-संवर्ग के ग्रेड II का वेतन क्रम 210–10–170–15–300–द०अ०–15–450–द०अ०–20–530 रु० है। भारतीय विदेश सेवा (ख) के उप संवर्ग के ग्रेड II में नियुक्त अधिकारियों पर, भारतीय विदेश सेवा शाखा "ख" (आर०सी०एस०पी०) नियम 1964 तथा भारतीय विदेश सेवा (पी०एल०सी०ए०) नियम, 1961, जैसे कि वे भारतीय विदेश सेवा "ख" पर लागू होते हैं, तथा अन्य ऐसे नियम तथा आदेश जो भारत सरकार द्वारा उन पर लागू किए जाएं, लागू होंगे ।

भारतीय विदेश सेवा शाखा "ख" विदेश मंत्रालय तथा विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों तक ही सीमित है । इस सेवा में नियुक्त अधिकारियों की बदली आम तौर पर विदेश व्यापार तथा पूर्ति मंत्रालय (विदेश व्यापार विभाग) के अतिरिक्त अन्य मंत्रालयों में नहीं की जा सकती । हां वे अन्य मंत्रालयों के स्टाफ के लिए रखे गये पदों पर विदेश में कहीं भी नियुक्त किये जा सकते हैं और अन्तर्राष्ट्रीय आयोगों आदि में भी लगाये जा सकते हैं । उन्हें भारत में या इससे बाहर और नान-फैमिली स्टेशनों में भी लगाया जा सकता है ।

विदेश में सेवा के दौरान भारतीय विदेश सेवा (ख) के अधिकारियों को अपने मूल वेतन के अलावा संबंधित देशों के निर्वाह खर्च को देखते हुए समय-समय पर निर्धारित की जाने वाली दरों पर विदेश भत्ता भी दिया जाता है । इसके अलावा भारतीय विदेश सेवा (पी०एल०सी०ए०) नियम, 1961 (जो कि भारतीय विदेश सेवा (ख) के अधिकारियों पर लागू होते हैं, के अनुसार उन्हें विदेश सेवा के दौरान निम्नलिखित रियायतें भी दी जाती हैं :—

(i) सरकार द्वारा निर्धारित स्तर के अनुसार निःशुल्क फर्नीचर सहित मकान ।

(ii) सहायित चिकित्सा योजना के अधीन चिकित्सा सुविधायें ।

(iii) कुछ शर्तों के अधीन 8 से 21 वर्ष तक की आयु के भारत में शिक्षा पाने वाले बच्चों के लिए वर्ष में एक बार लम्बी छुट्टियों के दौरान माता पिता से मिलने के लिये वापसी हवाई यात्रा का किराया ।

(iv) समय-समय पर भारत सरकार द्वारा निर्धरित दरों पर 5 से 18 वर्ष तक की आयु के अधिक-से-अधिक दो बच्चों के लिये शिक्षा भत्ता ।

..त्र-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर
: विहित नियमों के अनुसार विदेश सेवा के संबंध में
भत्ता । जिन अधिकारियों की नियुक्ति ऐसे देशों
नी है कि जहां असामान्य रूप से ठंड पड़ती है,
य सज्जा भत्ता के अलावा विशेष सज्जा
ज़ाता है ।

अनुसार अधिकारियों तथा उनके
ो में घर जाने का यात्रा व्यय ।

सेवा के सदस्यों पर, कुछ आशोधनों के साथ, समय-समय पर यथा परिशोधित छुट्टी नियम 1933 लागू होंगे । कुछ पड़ोसी देशों को छोड़ कर अन्य देशों में नियुक्त अधिकारी-विदेश सेवा के लिए, परिशोधित छुट्टी नियमों के अन्तर्गत स्वीकार्य छुट्टी के 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त छुट्टी जमा के हकदार होंगे ।

भारत में रहते हुये अधिकारी अपने समान तथा उसी स्तर के अन्य केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य रियायतों के हकदार होंगे ।

भारतीय विदेश सेवा (ख) के अधिकारियों पर समय-समय पर यथासंशोधित सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियम, 1960 तथा उनके अधीन जारी किये गये आदेश लागू होते हैं ।

इस सेवा में नियुक्त अधिकारियों पर समय-समय पर यथा-संशोधित उदारीकृत पेंशन नियम, 1950 के तथा उसके अधीन जारी किये गये आदेश लागू होते हैं ।

टिप्पणी :—भारतीय विदेश सेवा 'ख' में आशुलिपिकों का सब-काडर फिर से गठित किया जा रहा है ।

घ—सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा

सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा में इस समय निम्नलिखित दो ग्रेड हैं :—

आशुलिपिक ग्रेड–I (श्रेणी II राजपत्रित) रु० 350–25–650;

आशुलिपिक ग्रेड–II (श्रेणी II अराजपत्रित) रु० 210–10–270–15–300–द०अ०–15–450–द०अ०–20–530 । ग्रेड I के दरों की भरती ग्रेड II के आशुलिपिकों में से पदोन्नति द्वारा की जाती है सीधी भर्ती केवल ग्रेड II में की जाती है ।

2. अस्थायी आशुलिपिक ग्रेड II के रूप में सीधी भर्ती किए गए व्यक्ति 2 वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेंगे । इस अवधि में उनकी असंतोषजनक सेवा के परिणामस्वरूप परिवीक्षाधीन व्यक्तियों को सेवा से निकाला जा सकता है । परिवीक्षा के दौरान किसी कर्मचारी को सरकार द्वारा समय-समय पर विहित किया जाने वाला प्रशिक्षण प्राप्त करना और विहित टैस्ट पास करने पड़ सकते हैं ।

3. सशस्त्र सेना मुख्यालय में भर्ती किए गए आशुलिपिक ग्रेड II आमतौर पर दिल्ली/नई दिल्ली स्थित सशस्त्र सेना मुख्यालय और अन्तसेवा संगठनों में किसी एक में नियुक्त किये जायेंगे । किन्तु उनकी बदली दिल्ली/नई दिल्ली से बाहर ऐसे नगरों में भी की जा सकेगी जहां सशस्त्र सेना मुख्यालय/अंत: सेवा संगठनों के कार्यालय स्थित हों ।

4. आशुलिपिक ग्रेड II समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार आशुलिपिक ग्रेड I के पदों पर पदोन्नति के पात्र होंगे ।

5. छुट्टी, चिकित्सा सहायता तथा सेवा की अन्य शर्तें वही हैं जो सशस्त्र सेना मुख्यालय और अन्तसेवा संगठनों में नियुक्त अन्य सचिवालयिक कर्मचारियों पर लागू होती है ।

भारतीय चुनाव आयोग

चुनाव आयोग में आशुलिपिकों के पदों का वेतनमान केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के समान ही 210–10–270–15–300–द०अ०–15–450–द०अ०–20–530 रु० होगा। किन्तु ये पद केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा योजना में शामिल नहीं हैं। और इन पदों पर नियुक्त व्यक्ति केन्द्रीय सचिवालय सेवा के काडर में सम्मिलित पदों पर नियुक्ति का कोई दावा न कर सकेंगे।

भारतीय चुनाव आयोग में इस समय निम्नलिखित श्रेणी के आशुलिपिक हैं :—

(i) भारतीय मुख्य चुनाव आयुक्त के निजी सचिव :–

350–25–500–30–590–द० अ० – 300 – 800–द०अ०–30–830–35–900 रु० के वेतनमान में (इस पद पर पदोन्नत किए जाने वाले व्यक्तियों को इस वेतन मान में कम से कम 500 रु० प्रतिमास वेतन दिया जाता है।

') वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक :

350–25–650–द०अ०–30–770 रु० के वेतन मान में
दोन्नत किए जाने वाले व्यक्तियों को कम से कम 400 रु०
मास वेतन दिया जाता है) ।

पिक :

0–10–270–15–300–द०अ०–15–450–
0 रु० के वेतन मान में ।

– 200 द० अ०–8–256–द० अ०–
में।

शुलिपिक सेवा योजना में शामिल
ए गए व्यक्ति केन्द्रीय सचिवालय
लित पदों पर नियुक्ति का कोई
ा पर नियुक्त किए गए व्यक्ति 2 वर्ष
धीन रहेंगे।

30 रु० के वेतन मान में निर्धारित प्रतिशत स्थान
3 के व्यक्तियों में से पदोन्नति द्वारा भरे जा सकेंगे। 210–
30–रु० के वेतन मान में आशुलिपिकों के रूप में नियुक्त किए गए व्यक्तियों को परिवीक्षा के दौरान आयोग द्वारा विहित प्रशिक्षण प्राप्त करना और विहित परीक्षा पास करनी पड़ सकती है। वह व्यक्ति इस संबंध में समय समय पर लागू किए गए नियमों के अनुसार अगले उच्च ग्रेड में पदोन्नति के लिए पात्र होंगे।

च—पर्यटन विभाग

पर्यटन विभाग में वरिष्ठ आशुलिपिकों के पद 210–10–190–15–320–द०अ०–15–425 के परिशोधित वेतनमान में स्वीकृत हैं और सामान्य केन्द्रीय सेवा (श्रेणी–II) (अराजपत्रित) लिपिक वर्गीय से संबंधित हैं। कम से कम 5 वर्ष की सेवा वाले वरिष्ठ आशुलिपिक 320–15–470–द०अ०–15–530 रु० के वेतनमान में वैयक्तिक सहायकों के पद पर नियुक्त के पात्र होते हैं। इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्त उम्मीदवारों को आम तौर पर विभाग के मुख्यालय स्थापना में कार्य करना होगा। किन्तु उन्हें भारत में कहीं भी काम करने के लिए कहा जा सकता है।

छ—संसद कार्यविभाग

इस विभाग में आशुलिपिकों के पदों का वेतन मान 210–10–270–15–300–द० अ०–15–450–द० अ०–20–530 रु० है।

प्रतियोगिता परीक्षा के जरिये चुनाव द्वारा सेवा में नियुक्त उम्मीदवारों को दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षाधीन रखा जाएगा।

ज—भारतीय केंद्रीय सतर्कता आयोग

केन्द्रीय सतर्कता आयोग में आशुलिपिकों के पदों का वेतनमान केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के आशुलिपिकों के वेतन मान के समान अर्थात् रु० 210–10–270–15–300–द०अ०–15–450–द०अ०–20–530 है, परन्तु ये पद उस सेवा में सम्मिलित नहीं है।

समाज कल्याण विभाग

नई दिल्ली 1, दिनांक 24 अक्तूबर 1970

शुद्धि पत्र

सं० एफ० 15/12/67 एस० डब्ल्यू० 5—कृपया इस विभाग के शुद्धि पत्र संख्या एफ० 15/12/67 एस० डब्ल्यु 5 दिनांक 12 मार्च, 1970 के पैरा 3 के स्थान पर निम्नलिखित रखिए :—

"3. बोर्ड की रचना इस प्रकार होगी :—

1. श्री के० हनुमन्तैय्या, समाज कल्याण मंत्री।	अध्यक्ष
2. श्री जगन्नाथ राव, समाज कल्याण राज्य मंत्री।	उपाध्यक्ष
3. श्री पी० पी० आई० वैद्यानाथन, अपर सचिव, समाज कल्याण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली।	सदस्य
4. श्री एम० सी० नानावती, सलाहकार, समाज कल्याण, समाज कल्याण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली।	सदस्य
5. जेल सम्बंधी मामलों का काम करने वाले गृह मंत्रालय के उप सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।	सदस्य
6. निदेशक, पुलिस अनुसंधान तथा विकास कार्यालय, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली।	सदस्य
7. श्री ए० के० श्रीनिवास मूर्ति, उप विधायी परामर्शदाता, विधि मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।	सदस्य

8. श्री एम० बी० भट्टाचार्य, सदस्य
जेलों के महा निरीक्षक,
पश्चिमी बंगाल ।

9. श्री डी० जी० जाधव, सदस्य
समाज कल्याण निदेशक,
महाराष्ट्र, पूना ।

10. श्री ई० एल० सर्वाकोटी सदस्य
जेलों के महानिरीक्षक,
तामिल नाडू ।

11. श्री एच० सी० सक्सेना, सदस्य
जेलों के महानिरीक्षक,
उत्तर प्रदेश ।

12. श्रीमती एस० वर्मा, सदस्य
निदेशक, सामाजिक रक्षा,
गुजरात ।

13. श्री आर० एस० खन्ना, सदस्य
समाज कल्याण निदेशक,
मध्य प्रदेश ।

14. श्री के० लक्ष्मण राव, सदस्य
निदेशक, समाज कल्याण,
मैसूर ।

15. श्री आर० पी० पुरी, सदस्य
जेलों के महानिरीक्षक,
पंजाब, चंडीगढ़ ।

16. श्री जे० जे० पानाकल, सदस्य
अपराध विज्ञान तथा सुधार
प्रशासन के मुख्याधिकारी,
टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसिज,
बम्बई ।

17. श्री सुशील चंद्र, सदस्य
समाज शास्त्र के प्रोफेसर,
लखनऊ विश्वविद्यालय ।

18. श्री ए० वी० जोहन, सदस्य
जेलों के रिटायर्ड महानिरीक्षक,
अर्नाकुलम, कोचीन-15

19. श्रीमती सीता बसु, सदस्य
भूतपूर्व अवैतनिक मजिस्ट्रेट,
किशोर अदालत, सदस्य, फैकल्टी,
सामाजिक कार्य का दिल्ली स्कूल,
3, यूनिवर्सिटी रोड, दिल्ली-6 ।

20. डा० (श्रीमती) ज्योत्सना एच० शाह, सदस्य मंत्री
निदेशक, सुधारात्मक सेवाओं का केन्द्रीय
ब्यूरो, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस शुद्धि पत्र की एक एक प्रतिलिपि समिति के सभी सदस्यों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, योजना आयोग, मंत्री मंडल सचिवालय, प्रधान मंत्री सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, संसद् कार्य विभाग, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस शुद्धि पत्र को साधारण सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

पी० पी० आई० वैद्यानाथन, अपर सचिव

औद्योगिक विकास, तथा आन्तरिक व्यापार मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 31 अक्तूबर 1970

संकल्प II

सं० 34(8)/68 एल० इण्ड (II) (i)—औद्योगिक विकास तथा आंतरिक व्यापार मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के संकल्प सं० 34(8)/68 एल० इण्ड (ii) दिनांक 15 अक्तूबर, 1969 मे आंशिक रूप भेद करते हुए, 27 अप्रैल, 1970 के संकल्प को साथ पढ़ते हुए, कांच तथा मृतिका उद्योग की नामिका में निम्नलिखित परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है:—

श्री ए० पी० सूर, डा० यू० पी० गांगुली के
निदेशक, स्थान पर ।
सूर उद्योग लिमिटेड,
163, लोवर सरकूलर रोड,
कलकत्ता—14

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक एक प्रति सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्व साधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

एम० सुब्रमण्यन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 31 अक्तूबर 1970

सं० 34(8)/68 एल० इण्ड (II) (2)—औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के संकल्प सं० 34(8)/68 एल० इण्ड (ii) (2) दिनांक 15 अक्तूबर, 1969 में आंशिक रूप भेद करते हुए, 27 अप्रैल, 1970 के संकल्प को साथ पढ़ते हुए, निम्नलिखित व्यक्तियों को ऊष्म-सह उद्योग की नामिका में सदस्य के रूप में सम्मिलिति करने का निश्चय किया गया है:—

1. श्री पी० एस० सुन्दरम, सदस्य
अधीक्षक (ऊष्म-सह)
राउरकेला इस्पात संयंत्र, राउरकेला (उड़ीसा)

2. श्री आई० सी० मोदी, सदस्य
सहायक अधीक्षक (ऊष्म-सह),
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र,
दुर्गापुर, (पश्चिम बंगाल)

3. डा० एम० आर० प्रसाद, सदस्य
अधीक्षक, ऊष्म-सह विभाग
टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी, जमशेदपुर ।

4. श्री डी० एन० बनर्जी, सदस्य
प्रबंधक, ब्रिक विभाग,
इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड,
बर्नपुर ।

5. श्री एस० बांगला, सदस्य
विकास अधिकारी,
इस्पात तथा भारी इंजीनियरी मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्व साधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

एम० सुब्रमण्यन, अवर सचिव

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय
(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 16 नवम्बर 1970

सं० 3-5/69 वन विकास—भूतपूर्व कृषि मंत्रालय में भारत सरकार के संकल्प संख्या 6-20/49 वन, दिनांक 19 जून, 1950 का आशोधन करते हुए, जैसा समय समय पर संशोधित किया गया है, भारत सरकार ने निश्चय किया है कि मेघालय राज्य के वन विभाग के प्रभारी मंत्री भी इसके अन्तर्गत गठित केन्द्रीय वन मंडल के एक सदस्य होंगे ।

आदेश

2. आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सब सम्बन्धितों को सूचित कर दी जाये ।

3. आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिये संकल्प भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

सं० 3-5/69 वन विकास—खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय (कृषि विभाग) में भारत सरकार के संकल्प संख्या 3-4/66 वन विकास, दिनांक 5 जुलाई, 1966 का आंशिक आशोधन करते हुए, भारत सरकार ने निश्चय किया है कि इसके अन्तर्गत गठित केन्द्रीय वन मंडल की स्थायी समिति सम्बन्धी वर्तमान प्रविष्टी '(iii) पूर्वी क्षेत्र" के स्थान पर निम्न प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जायेगी :—

"(iii) पूर्वी क्षेत्र : बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, असम, नागालैंड, मेघालय, मणिपुर तथा त्रिपुरा (स्थायी समिति से पूर्व की बैठकों के लिये नीफा को भी इस क्षेत्र में सम्मिलित किया जायेगा) ।

आदेश

2. आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सब सम्बन्धितों को भेजी जाये ।

3. आदेश दिया जाता है कि सर्व साधारण की जानकारी के लिये संकल्प भारत सरकार के राजपत्र में भी प्रकाशित किया जाये ।

आर० सी० सोनी, वन महा निरीक्षक तथा
पदेन अपर सचिव

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय

नई दिल्ली, दिनांक अक्तूबर 1970

सं० एफ० 8-25/69 एल० 2-जी० एस० आर०—संविधान के अनुच्छेद 309 के उपबन्धों द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति भारतीय भाषा संस्थान मनसा गंगोत्री मैसूर में विभिन्न श्रेणी 3 तथा श्रेणी 4 के पदों की भर्ती की रीति को नियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थात् :—

(1) **संक्षिप्त शीर्षक तथा प्रारंभ** : (1) ये नियम भारतीय भाषा संस्थान (श्रेणी 3 तथा श्रेणी 4) के भरती नियम, 1970 के नाम से सम्बोधित होंगे

(2) इन नियमों को भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू समझा जाएगा;

(2) **अनुप्रयोग** : ये नियम इनके साथ अनुबद्धित सारणी (अनुसूची) के कालम एक में उल्लिखित पदों की भर्ती के लिए लागू होंगे;

(3) **संख्या, वर्गीकरण तथा वेतन मान** : पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण तथा उनसे संलग्न वेतन मान वही होंगे, जो उक्त सारणी के कालम 2 से 4 तक में उल्लिखित है ।

(4) **भर्ती करने की विधि, आयु सीमा, तथा योग्यताएं** : उक्त पदों की भर्ती की विधि, आयु सीमा, तथा योग्यताएं तथा उनसे सम्बन्धित अन्य मामलों में वही होंगे, जिनका उल्लेख उपर्युक्त सारणी के कालम 5 से 13 में किया गया है;

बशर्ते कि भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों तथा अन्य विशेष वर्गों से संबंधित व्यक्तियों की सीधी भर्ती के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में रियायत दी जाये ।

(5) अयोग्यताएं :—
कोई भी ऐसा व्यक्ति उक्त पदों पर नियुक्त के योग्य नहीं होगा :—

(क) जो एक ऐसे व्यक्ति के साथ शादी करना चाहता हो अथवा करने का समझौता किया हो, जिसका/जिसकी पति /पत्नी जीवित हो ;

(ख) जो किसी ऐसे व्यक्ति के साथ जिसका/जिसकी पति/पत्नी जीवित हो, शादी करना चाहता हो अथवा शादी करने का समझौता किया हो ।

बशर्ते कि केन्द्रीय सरकार यदि सन्तुष्ट हो कि ऐसी शादी उस व्यक्ति की दूसरी पार्टी को उनके स्वधर्म शास्त्र के अधीन क्षम्य हो, तथा ऐसा करने के लिए अन्य आधार हों, तो उस व्यक्ति को इस नियम की कार्रवाई के जरिये छूट दी जा सकती है ।

निरंकार स्वरूप भटनागर, अवर सचिव

भारतीय भाषाओं की केन्द्रीय संस्था, मैसूर में

पदनाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	क्या ये प्रवरण पद हैं अथवा अप्रवरण पद	सीधी भर्तियों के लिए अधिकतम आयु सीमा	सीधी भर्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षणिक तथा दूसरी योग्यताएँ
1	2	3	4	5	6	7
1. पुस्तकाध्यक्ष वर्ग 2	एक	सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी-3 अराजपत्रित गैर-लिपिक वर्गीय	210-10-290-15-320-द० रो० 15-425	लागू नहीं होता	30 वर्ष	**अनिवार्य** :— 1. एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की उपाधि । 2. एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय के पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा । 3. पुस्तकाध्यक्ष के दो वर्ष का अनुभव ।
2 उच्च श्रेणी लिपिक	दो	सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी-3 अराजपत्रित लिपिक वर्गीय	130-5-160-8-200-द० रो० 8-256-द० रो० 8-280-10-300	अप्रवरण	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता ।
3 अवर श्रेणी लिपिक	तीन	,, ,, ,,	110-3-131-4-155-द० रो० 4-175-5-180	लागू नहीं होता	21 वर्ष	**अनिवार्य** :— 1. मैट्रिक परीक्षा अथवा उसके समकक्ष योग्यताएं । 2. कम से कम 30 शब्द प्रति मिन्ट टाईपिंग की गति । बशर्ते कि :— (क) ऐसे व्यक्ति को जिसके पास उक्त टाईपिंग की योग्यता नहीं है, उसे इस शर्त सहित नियुक्त किया जा सकता है कि जब तक वह 30 शब्द प्रति मिन्ट टाईप करने की चाल प्राप्त नहीं कर लेता, उसे वेतनमान में वार्षिक तरक्की, अथवा उस वर्ग के स्थायिक्ता के लिए अथवा स्थाई-करण के लिए योग्य नही होगा । (ख) एक व्यक्ति

श्रेणी 3 पदों के लिए भर्ती नियम

क्या सीधी भर्तियों के लिए निर्धारित आयु तथा शैक्षणिक योग्यताएं विभागीय पदोन्नतियों के मामलों में भी लागू होंगी	यदि कोई परीक्षण काल हो तो	भर्ती करने की रीति क्या सीधी भर्ती द्वारा, अथवा स्थानांतरण, द्वारा तथा पदों की प्रतिशतता को विभिन्न तरीकों द्वारा भरा जाना	पदोन्नति; हस्तांतरण द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड्स (वर्ग) जिनसे पदोन्नति की जानी है	यदि कोई विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसकी संरचना क्या है	ऐसी परिस्थितियां, जिनमें भर्ती करने के समय संघीय सेवायोग से परामर्श करना होता है
8	9	10	11	12	13
लागू नहीं होता	दो वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
,, ,,	दो वर्ष	पदोन्नति द्वारा	**पदोन्नति :** अवर लिपिक–3 वर्ष की इस वर्ग में सेवा सहित	विभागीय पदोन्नति समिति	,, ,,
,, ,,	दो वर्ष	*सीधी भर्ती द्वारा **टिप्पणी :—** अवर लिपिक वर्ग में 10 प्रतिशत पदों की श्रेणी 4 कर्मचारियों द्वारा भरे जाने के लिए अधोलिखित शर्तों पर सुरक्षित रखी जाएं (जो संस्थापना पर नियमित रूप से लिए गए हैं), अर्थात् :— (क) चयन एक विभागीय परीक्षा द्वारा ऐसे श्रेणी 4 कर्मचारियों को परिरुद्ध होगा, जो कम से कम आपेक्षित शैक्षणिक योग्यता अर्थात् मैट्रिक परीक्षा अथवा उसके समकक्ष योग्यता की प्रतिशति करते हैं। (ख) इस परीक्षा के ज्यादा से ज्यादा आयु 40 वर्ष होगी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति के परीक्षार्थियों के लिए 45 वर्ष)। (ग) कम से कम श्रेणी 4 में 5 वर्ष की सेवा अनिवार्य होगी।	लागू नहीं होता	लागू नही होता	,, ,,

1	2	3	4	5	6	7
						शरीरिक अपंग होने के कारण जो अन्यथा लिपिक पद के योग्य है, परन्तु उक्त टाईपराईटिंग की योग्यता (धारणा) नहीं रखता उसे भी इस शर्त पर नियुक्त किया जा सकता है कि यदि विशिष्ट नौकरी दिलाऊ दफ्तर से अनुबद्धित शारीरिक अपंगों के लिए चिकित्सक बोर्ड अथवा जहां ऐसे बोर्ड की व्यवस्था नहीं है, सिविल सर्जन उक्त अपंग व्यक्ति टाईप न कर सकने की संपुष्टि करता है।
4. आशुलिपिक	चार	सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी-3 अराजपत्रित लिपिक वर्गीय	130-5-160-8-200-द० रो० 256 द० रो० 8-280-10-300	लागू नहीं होता	24 वर्ष	**अनिवार्य :—** 1. मैट्रिक अथवा उसके समकक्ष। 2. अंग्रेजी की आशुलिपि में 100 शब्द प्रति मिन्ट की क्षमता। 3. अंग्रेजी टाईपराईटिंग में 40 शब्द प्रति मिन्ट की क्षमता।
5. कारचालक	दो	सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी-3 अराजपत्रित गैर-लिपिक वर्गीय	110-3-131-4-139	लागू नहीं होता	30 वर्ष	**अनिवार्य :—** मोटर कार चलाने के लिए वैध-लाइसेन्स का होना, मोटर कारों की जानकारी, मोटर की जानकारी तथा मोटर कार चलाने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव। **वांछनीय :—** आठवीं कक्षा पास।

8	9	10	11	12	13
		(घ) एक वर्ष में अवर लिपिक वर्ग में होने वाले पदों का इस विधि समितियों की ज्यादा ज्यादा संख्या 10 प्रतिशत तक सीमित होगी । अपूरतित पदों को अगले वर्ष में नहीं जायेगीं ।			
लागू नहीं होता	दो वर्ष	भारतीय भाषाओं की केन्द्रीय संस्था के ऐसे अवर लिपिकों/उच्च श्रेणी लिपिकों में से जो खाना 7 में निर्धारित रखते हैं, एक प्रतियोगिता परीक्षण द्वारा चयन होगा, अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा ।	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नही होता
लागू नहीं होता	दो वर्ष	हस्तांनतरण द्वारा अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा	श्रेणी 4 के ऐसे कर्मचारियों में से जो खाने 7 में दी गई योग्यतायें रखते हैं, के हस्तानन्तरण द्वारा जो स्टाफ कार चालकों के लिए उनमें कार चलाने के पद के स्तर की क्षमता के हवाले सहित अभिकल्पित योग्यता, जिसे अनिवार्य समझा जाता है, का एक निर्णायक परीक्षण के फलस्वरूप होना चाहिए ।	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

भारतीय भाषाओं की केन्द्रीय संस्था, मैसूर में

पदनाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	क्या ये प्रवरण वर्ग के पद हैं अथवा अप्रवरण वर्ग के पद	सीधी भर्तियों के लिए अधिकतम सीमा	सीधी भर्तियों के लिए आपेक्षित शैक्षणिक तथा दूसरी योग्यताएं
1	2	3	4	5	6	7
1. पुस्तकालय परिचर	एक	सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी 4 अराजपत्रित	80-1-85-2-95-द० रो०-3-110	लागू नही होता	25 वर्ष	**अनिवार्य** :— माध्यमिक स्तर पास **वांछनीय** :— किसी पुस्तकालय में काम करने का अनुभव
2. चपरासी	चार	,,	70-1-80-द० रो०-1-85	,,	25 वर्ष	**अनिवार्य** :— माध्यमिक स्तर पास
3. फराश	एक	,,	70-1-80-द० रो०-1-85	,,	25 वर्ष	**वांछनीय** :— प्राथमिक स्तर
4. चौकीदार	एक	,,	70-1-80-द० रो०-1-85	,,	25 वर्ष	**वांछनीय** :— प्राथमिक स्तर
5. भंगी	एक	,,	70-1-80-द० रो०-1-85	,,	25 वर्ष	**वांछनीय** :— प्राथमिक स्तर

श्रेणी 4 पदों के लिए भर्ती नियम

क्या सीधी भर्तियों के लिए निर्धारित आयु तथा शैक्षणिक योग्यताएं विभागीय पदोन्नति के लिए भी लागू होगी।	यदि कोई परीक्षाकाल हो तो	भर्ती करने की विधि क्या सीधी भर्ती द्वारा, अथवा पदोन्नति द्वारा, अथवा स्थानांतरण द्वारा, तथा पदों की प्रतिशतता को विभिन्न तरीकों द्वारा भरा जाना।	पदोन्नति, हस्तानांतरण द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड्स (वर्ग) जिनसे पदोन्नति की जानी है।	यदि कोई विभागीय समिति है तो उसकी रचना क्या है।	ऐसी परिस्थितियां, जिनमें भर्ती करने के समय संघीय सेवायोग से परामर्श करना होता है।
8	9	10	11	12	13
लागू नहीं होता	दो वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नही होता
" " "	दो वर्ष	" " "	" " "	" " "	" " "
" " "	दो वर्ष	" " "	" " "	" " "	" " "
" " "	दो वर्ष	" " "	" " "	" " "	" " "
" " "	दो वर्ष	" " "	" " "	" " "	" " "

नई दिल्ली , दिनांक 28 अक्तूबर, 1970

संकल्प

सं० एफ० 13-17/70 वाई० एस० I (1)—राष्ट्रीय स्वस्थता कोर के विकेन्द्रीकरण तथा कोर के प्रशासन को विभिन्न राज्य सरकारों/संघ क्षेत्र प्रशासनों के हस्तांतरण के निर्णय होने पर यह निर्णय किया गया कि 2 अगस्त, 1967 के बाद राष्ट्रीय स्वस्थता कोर निदेशालय में रिक्त हुए स्थानों को नहीं भरा जाएगा। अनुदेशकों के राज्य सरकारों को हस्तांतरण किए जाने में कई कारणों से विलम्ब हुआ है, तथा तब तक के लिए, कोर के दैनिक प्रशासन को चलाने हेतु 2 अगस्त, 1967 के बाद कुछेक नियुक्तियां/पदोन्नतियां की गई थीं। अनायास पदोन्नतियां, पक्षपात, अधिक्रमण आदि के आरोपों के बारे में कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। इन शिकायतों की अच्छी तरह से जांच करने के लिए भारत सरकार ने एक-सदस्यीय आयोग के रूप में केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ऐ सेवानिवृत्त अधिकारी, श्री सी० गणेशन को नियुक्त करने का संकल्प किया है।

2. विचारार्थ विषय में होंगे:—

(1) निम्नलिखित विविक्षाओं का मूल्यांकन—

(क) राष्ट्रीय स्वस्थता कोर संगठन में 2-8-67 के बाद में होने वाली पदोन्नतियों को रोकने के बारे में भारत सरकार का निर्णय ;

(ख) केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के कमरे में 6-2-1968 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय; और

(ग) संयुक्त परामर्शदात्री मशीनरी द्वारा 23 और 24 अप्रैल, 1968 तथा 7 नवम्बर, 1968 में हुई बैठकों में लिए गए निर्णय।

(2) 2 अगस्त, 1967 के बाद में राष्ट्रीय स्वस्थता कोर में की गई पदोन्नतियों के बारे में भारत सरकार द्वारा प्राप्त की गई शिकायतों की जांच करने तथा यह निर्धारण करने के लिए कि उपरोक्त विषय सं० (1) में वर्णित निर्णयों को दृष्टि में रखते हुए यह पदोन्नतियां कहां तक उचित थीं।

(3) 2 अगस्त, 1967 के बाद की गई पदोन्नतियों के मामलों में अधिक्रमण, पक्षपात और अन्याय की शिकायतों की जांच करने तथा यह निर्धारण करने के लिए ये शिकायतें कहां तक मौलिक हैं।

(4) यह निर्धारण करने के लिए कि उपरोक्त विषय सं० (1) में (ख) और (ग) में उल्लिखित निर्णयों के आधार पर अतिरिक्त पदोन्नतियां देने का क्या कोई आधार विद्यमान हैं।

(5) उपरोक्त विषयों की जांच करते समय जांच अधिकारी यह भी जांच करेगा कि इस मामले में राष्ट्रीय स्वस्थता कोर निदेशालय तथा/अथवा शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय के अधिकारियों ने कोई भूल तो नहीं की और यदि की हो तो वह भूल कहां तक थी और वह उचित कार्रवाई क्या थी जो की जा सकती थी।

3. इस जांच के उद्देश्य के लिए, श्री गणेशन जांच के विषय से संबंधित किसी भी कागज को मंगवा सकते हैं तथा शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय और राष्ट्रीय स्वस्थता कोर संगठन के किसी भी अधिकारी से, जिसे वे चाहें, साक्षात्कार कर सकते हैं।

4. श्री सी० गणेशन इस जांच के कार्य को 8 नवम्बर, 1970 से शुरू करेंगे तथा उस तिथि से तीन महीने की अवधि के अंदर अपनी रिपोर्ट भारत सरकार को देंगे। सचिवीय सहायता तथा कार्यालय का स्थान शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय और राष्ट्रीय स्वस्थता कोर निदेशालय द्वारा दिए जाएंगे।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, प्रधान मंत्री सचिवालय, गृह मंत्रालय, उपसचिव, (प्रशासन), आंतरिक वित्तीय सहायक (आई० एफ० ए०) वित्त मंत्रालय (शिक्षा एकक), बजट 1 अनुभाग, मुख्य सूचना अधिकारी तथा महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वस्थता कोर को भेज दी जाय।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाय।

कांति चौधुरी, संयुक्त सचिव

संचार विभाग

डाक-तार बोर्ड

नई दिल्ली, दिनांक 7 अक्तूबर, 1970

संकल्प

सं० 14/1/70 पी० ए० पी०/पी० ई०-II—डाक तार विभाग में अतिरिक्त विभागीय प्रणाली के कार्य संचालन की जांच तथा अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की सेवाओं के पारिश्रमिक के आधार की समीक्षा करने के प्रश्न पर भारत सरकार कुछ समय से विचार करती रही है। अब भारत सरकार ने इस उद्देश्य के लिए एक-दसस्यीय समिति बनाने का निश्चय किया है।

2. श्री मदन किशोर, सेवा-निवृत्त सदस्य, डाक-तार बोर्ड समिति के अध्यक्ष होंगे।

3. समिति अतिरिक्त विभागीय प्रणाली के कार्य संचालन की सामान्य रूप से जांच करेगी और मितव्ययता को ध्यान में रखते हुए इस प्रणाली की कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिये आवश्यक संशोधनों और सुधारों के संबंध में सुझाव देगी। विशेषकर, समिति :—

क—अतिरिक्त विभागीय एजेंटों के पारिश्रमिक के आधार की तथा उनके भत्तों के सामयिक पुनरीक्षण की प्रक्रिया की समीक्षा करेगी;

ख—डाकघर के काम के सम्बन्ध में अतिरिक्त विभागीय एजेंटों को दी गई सुविधाओं की पर्याप्तता की जांच करेगी;

ग—ऐसे एजेंटों के लिए उपयुक्त आचरण और अनुशासन सम्बन्धी नियमों का सुझाव देगी;

घ—इस पर विचार करेगी कि अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की विभिन्न श्रेणियों के लिए क्या-क्या योग्यताएं और अन्य शर्तें निर्धारित की जानी चाहिएं तथा उनको डाक-तार विभाग में नियमित पदक्रमों में ले लेने के लिए कैसी सुविधाएं दी जानी चाहिएं;

ङ—विभिन्न श्रेणियों के अतिरिक्त विभागीय डाकघरों में जनता को उपलब्ध होने वाली सुविधाओं की जांच करेगी;

च—ऐसी सुविधाओं का सुझाव देगी जो कि उचित ट्रेड यूनियन कार्यकलापों के तौर पर अतिरिक्त विभागीय एजेंटों के संघों को दी जा सकती है ;

छ—इस बात पर विचार करेगी कि अतिरिक्त विभागीय एजेंटों को उपदान देने की मौजूदा प्रणाली में कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता है ।

4. समिति अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करते समय अन्य बातों के साथ साथ निम्नलिखित मुद्दों का ध्यान रखेगी—डाक-तार विभाग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, साधन और वित्तीय स्थिति, विकास सम्बन्धी आयोजना की मांगें तथा ऐसे स्थानों में मजदूरी और नौकरी की अन्य शर्तें जहां सामान्यतः अतिरिक्त विभागीय एजेंट नियुक्त किए जाते हैं ।

5. समिति की जांच के दौरान यदि अंतरिम सहायता पर विचार करने का आवश्यकता महसूस हो तो समिति उस पर विचार करके रिपोर्ट भेज सकती है । यदि समिति अंतरिम सहायता देने की सिफारिश करती है । तो उसे यह भी सूचित करना चाहिए कि किस तारीख से ऐसी सहायता देनी चाहिए ।

6. समिति अपने कार्य की प्रगति से वेतन आयोग को समय समय पर अवगत कराता रहेगा ।

7. समिति अपनी कार्यप्रणाली खुद ही बना लेगी और ऐसी सूचना और प्रमाण प्राप्त कर सकती है जो भी वह आवश्यक समझे ।

8. समिति का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा ।

9. समिति बनने की तारीख एक वर्ष के भीतर वह अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प आम सूचना के लिए, भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रतिलिपि वेतन आयोग, डाक तार महालेखापाल तथा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को भेजी जाए ।

ए० स्वामिनाथन, सदस्य,
(प्रशासन) और पदेन संयुक्त सचिव

पर्यटन तथा नागर विमानन मंत्रालय

(पर्यटन विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 13 जुलाई 1970

संकल्प

सं० VII टी० एल० (1)/70—पर्यटन कार परिचालकों को, पर्यटकों के प्रयोग के लिए कारों का क्रय करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने की दृष्टि से एक योजना भारत सरकार के संकल्प सं० 6 ए० एच० सी० (6)/64 दिनांक 16 जनवरी, 1970 द्वारा स्वीकृत की गई थी और पर्यटक परिवहन गाड़ियों की किराया-खरीद (हायर परचेज) से सम्बन्धित अनुदेशों के रूप में दिनांक 31 जनवरी, 1970 को भारत-राजपत्र में प्रकाशित की गई थी ।

यह निर्णय किया गया है कि आर्थिक सहायता प्रदान करने से सम्बन्धित कतिपय शर्तों को उदार बनाया जाए । यथा-संशोधित योजना अनुबन्ध में दी गई है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को भेजी जाए और आम सूचना के लिए इसे भारत-राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

एन० सहगल, सचिव

अनुबन्ध

पर्यटन परिवहन गाड़ियों को किराया-खरीद (हायर परचेज) से सम्बन्धित अनुदेश

(1) उद्देश्य

इस योजना का उद्देश्य, पर्यटक गाड़ियों के परिचालकों को, पर्यटक प्रयोजनों के लिये कारों का क्रय करने हेतु, आर्थि सहायता प्रदान करना है ।

(2) परिभाषाएं

इन अनुदेशों में, जब तक प्रसंग द्वारा कोई अन्य अर्थ अपेक्षित न हो, तब तक :—

(क) समिति का तात्पर्य इन अनुदेशों के पैरा 3 के अधीन गठित की गई समिति से है ।

(ख) महानिदेशक का तात्पर्य पर्यटन के महानिदेशक से है ।

(ग) सचिव का तात्पर्य इन अनुदेशों के पैरा 3 के अधीन गठित की गई समिति के सचिव से है ।

(घ) गाड़ी का तात्पर्य पर्यटकों के परिवहन हेतु प्रयुक्त की जाने वाली पर्यटक परिवहन मोटर गाड़ी से है ।

(ङ) व्यापारी का तात्पर्य उस व्यापारी से है जो सम्बन्धित गाड़ी के मेक के विनिर्माताओं, आयात-कर्ताओं, वितरणकर्त्ताओं अथवा स्टाकिस्टों द्वारा प्राधिकृत गाड़ियों का व्यापार करता है और इसमें भारत का राज्य व्यापार निगम लिमिटेड (स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड), शामिल है ।

(३) समिति का गठन

(क) इन अनुदेशों के अधीन गाड़ियों की किराया-खरीद हेतु प्राप्त आवेदनों पर कार्य करने के लिये एक समिति गठित हो जायेगी जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति होंगे :—

1.	पर्यटन का महानिदेक	पदेन अध्यक्ष
2.	मार्केटिंग मैनेजर (आई० सी० डी० एस० टी० सी०	पदेन सदस्य

3. वित्त मन्त्रालय का उप वित्तीय सलाहकार (पर्यटन या वित्त मन्त्रालय द्वारा नामित अन्य अधिकारी — पदेन सदस्य

4. सचिव, अंतर्राज्य परिवहन आयोग, नौ-परिवहन और परिवहन मन्त्रालय। — पदेन सदस्य

5. विधि सचिव द्वारा नामित, विधि मन्त्रालय का एक अधिकारी — पदेन सदस्य

6. उप महानिदेशक, पर्यटन विभाग — पदेन सदस्य सचिव

(ख) बैठक में तीन सदस्यों के उपस्थित होने से कोरम पूरा माना जाएगा और बैठक के कार्यवृत पर अध्यक्ष के और उसकी अनुपस्थिति में सचिव तथा एक सदस्य के हस्ताक्षर होंगे। सभी मामले समिति द्वारा उपस्थित और वोट देने वाले सदस्यों की वोटों साधारण बहुमत के आधार पर निर्णीत किए जाएंगे और समिति के अध्यक्ष को निर्णायक मत (कास्टिंग वोट) देने का अधिकार होगा।

(4) **गाड़ियों के वर्ग**

इन अनुदेशों के अधीन केवल निम्नलिखित वर्ग की गाड़ियों की बाबत ही किराया-खरीद की जा सकेगी :—

1. मोटर कारें- नई और बरती हुई (सैकण्ड हैण्ड)
2. डीलक्स टाइप की मिनीबसें और ओमनीबसें।

(5) **किराया-खरीद के लिए आवेदन**

गाड़ी की किराया खरीद का आवेदन इन अनुदेशों के परिशिष्ट I में दिये गये प्रपत्र के अनुसार होगा और उसे ऊपर पैरा 3 में उल्लिखित समिति के सचिव को 6 अतिरिक्त प्रतियों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

(6) **आवेदकों की पात्रता**

(क) पर्यटन विभाग की अनुमोदित सूची में सम्मिलित किए गए केवल वही गाड़ी परिचालक आवेदन करने के पात्र होंगे जो निम्नलिखित शर्तें पूरी करते हों :—

(1) विभाग द्वारा पर्यटक कार परिचालक के रूप में मान्यता प्रदान किये जाने की तारीख से परिचालक को कारें परिचालित करते हुए कम से कम एक वर्ष हो गया हो और वह उनका इस दौरान स्वामी भी रहा हो।

(2) उसकी कम से कम तीन गाड़ियां चलती हों और उनका वह स्वामी हो।

(3) वह विभागीय अनुदेशों, नियमों, अथवा विनियमों में किसी का उल्लंघन करने या विभाग के साथ किये गये किसी भी करार अथवा संविदा को भंग करने का दोषी न पाया गया हो।

(ख) किराया-खरीद के आवेदन के साथ निम्नलिखित प्रलेख भी संलग्न किये जाने चाहिएं :—

(1) आयकर भुगतान का प्रमाण पत्र

(2) पिछले तीन वर्षों के पर्यटन व्यवसाय का लेखा परीक्षित हानि-लाभ लेखा और तुलन-पत्र (बैलेंस-शीट)

(3) पिछले तीन कैलेण्डर वर्षों में किये गये विदेशी मुद्रा के उपार्जन को, यदि कोई हो तो, दिखाने वाला विवरण जिसे सम्बद्ध यात्रा अभिकर्त्ताओं, होटलों, हवाई कम्पनियों, बैंकों, आदि द्वारा यथोचित रूप से प्रमाणित किया गया हो।

(7) **आवेदन पत्र की संवीक्षा**

सचिव उसे प्राप्त हुए आवेदन को ध्यान पूर्वक संवीक्षा कराएगा तथा आवेदन-पत्र के भाग 'ख' में उसके बारे में अपने विचार अंकित करेगा और शीघ्र से शीघ्र उसे समिति के सामने विचारार्थ रखेगा।

(8) **समिति का निर्णय**

समिति का निर्णय आवेदन पत्र के भाग 'ग' में दर्ज किया जायेगा और उस पर अध्यक्ष के, अथवा उसकी अनुपस्थिति में, एक सदस्य तथा सचिव के हस्ताक्षर होंगे।

(9) **सरकार द्वारा अंशदान**

गाड़ी व्यापारी से राष्ट्रपति के नाम जिसका उल्लेख इसके आगे, सरकार शब्द से किया जायेगा, खरीदी जाएगी और सरकार द्वारा दिया गया अंशदान गाड़ी की कुल कीमत के 2/3 अथवा 60,000 रुपयों से, इनमें जो भी कम हो, अधिक नहीं होगा। गाड़ी की शेष कीमत का भुगतान, नीचे पैरा 11 के अनुसार किराया खरीद के करार का निष्पादन करने से पहले, आवेदक द्वारा गाड़ी की खरीद के लिये महानिदेशक को एक-मुश्त रूप में किया जायेगा।

(10) **करार का निष्पादन**

गाड़ी की खरीद के लिये महानिदेशक को अपने अंशदान का भुगतान करने के बाद आवेदक, उक्त गाड़ी की बाबत, सरकार के साथ एक किराया खरीद के करार का निष्पादन करेगा।

(11) **गाड़ी की सुपुर्दगी**

ऊपर पैरा 9 में उल्लिखित अदायगी करने के पश्चात् और ऊपर पैरा 10 में उल्लिखित किराया खरीद के करार के निष्पादन करने के बाद सरकार द्वारा प्राधिकृत किये जाने पर आवेदक, सरकार की ओर से गाड़ी ले लेगा और तदुपरान्त गाड़ी पर सरकार का स्वामित्व हो जायेगा।

(12) **किराये की किस्तों की अदायगी**

आवेदक, गाड़ी की कीमत में सरकार के अंशदान की वापसी ब्याज सहित, किराए की त्रैमासिक किस्तों में करेगा, जो 16 से अधिक नहीं होंगी। पहली किस्त, सरकार द्वारा व्यापारी को कीमत का भुगतान करने के तीन महीने बाद देय हो जायेगी। भुगतान के लिये नियत तारीखों तथा किराए की किस्तों की राशि का निर्देश ऊपर पैरा 10 में निर्दिष्ट किराया-खरीद के करार में होगा। किराए की प्रत्येक किस्त की राशि इस प्रकार निर्धारित की जायेगी जिससे सरकार को अपने अंशदान पर, व्यापारी को कीमत की अदायगी करने के समय प्रचलित बैंक दर से

4½% वार्षिक अधिक की दर पर ब्याज मिल सके। सरकार के अंशदान ब्याज में 2½% कटौती प्रदान की जायेगी। यदि किरायों की किस्तो की अदायगी, करार में नियत की गई तारीखों पर अविलम्ब रूप से कर दी जायेगी और आवेदक द्वारा अन्य कोई त्रुटि न की गयी होगी। करार में, घटौती की राशि का, और उसके साथ साथ अविलम्ब अदायगी करने के मामलो में देय निवल-राशि का भी निर्देश किया जायेगा। आवेदक को, किन्हीं भी किराए की किश्तो के निर्धारित समय पर न दिये जाने की स्थिति में उनकी राशियो पर त्रुटि की तारीख से किस्त की अदायगी की तारीख तक, व्यापारी की कीमत की अदायगी करने के समय प्रचलित बैंक-दर से 4½% वार्षिक अधिक की दर पर देना होगा।

(ख) किराए की प्रत्येक त्रैमासिक किस्त जहां तक कि किराये की किस्त के मूलधन भाग का सम्बन्ध है, आवेदक द्वारा चालान तीन प्रतियों में भर कर सरकारी खजाने के खाते में सेक्शन 'पी० केन्द्रीय सरकार द्वारा किये जाने वाले कर्ज और पेशगिया-स्थानीय निधियो को कर्ज—गैरसरकारी पार्टिया आदि–विविध कर्ज और पेशगिया–अन्य पार्टिया को कर्ज के अन्तर्गत जमा कराई आएगी और जहा तक किराए की प्रत्येक किस्त के ब्याज भाग का सम्बन्ध है, उसे प्राप्ति—शीर्ष 'XVI' ब्याज—सी० अन्य प्राप्तिया–केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये गये कर्ज और पेशगियो पर ब्याज विविध कर्ज और पेशगिया अन्य पार्टियो को दिये गयें कर्ज पर ब्याज, मे जमा कराया जायेगा। किराये की प्रत्येक किस्त से सम्बन्धित मूलधन और ब्याज की राशियो का किराया खरीद के करार मे पृथक-पृथक निर्देश किया जायेगा।

(ग) जब उपरोक्त राशिया सरकारी खजाने मे जमा करा दी जाए तो रसीदी चालान की एक प्रति सचिव को भेजी जाएगी।

(13) आवेदक के अंश की वापसी

ऊपर के पैरा 9 में निर्दिष्ट गाड़ी की कीमत मे आवेदक के अंश की प्राथमिक एक-मुश्त राशियो की सरकार को प्राप्ति हो जाने पर यदि सरकार किसी कारण से गाड़ी नही लेती तो आवेदक द्वारा अदा की गई उक्त राशिया आवेदक को लौटा दी जाएंगी। आवेदक सरकर से उक्त राशियो पर ब्याज लेने का हकदार नही होगा।

(14) आवेदक का अधिकार

सरकार को किराये की सभी त्रैमासिक किस्तो की और साथ ही किराया खरीद के करार के अधीन आवेदक द्वारा सरकार का देय अन्य किसी भी धन-राशि की पूरी-पूरी अदायगी करने के बाद आवेदक की वह अधिकार होगा कि वह गाड़ी का स्वामित्व बदलवा कर अपने नाम करवा ले।

(15) करार का समापन

यदि आवेदक, किराये की त्रैमसिक किस्तो की अदायगी उन तारीखों पर नही करता जिन पर कि वे देय होती हैं तो सरकार को यह अधिकार होगा कि वह ऊपर पैरा 10 के अधीन निष्पादित करार को समाप्त कर दे, और इस प्रकार करार की समाप्ति होने पर आवेदक द्वारा दी गई राशि सरकार द्वारा जब्त कर ली जाएगी और समिति आगे पैरा 25 मे विनिर्दिष्ट कार्रवाही कर सकती है।

(16) गारंटी

वापसी की समस्त अवधि, के लिये, जिसमें बढ़ाई गई अवधि यदि कोई हो तो वह भी शामिल होगी किराए की किस्तो की समस्त राशि की यथोचित वापसी के लिये आवेदक एक गारटी देगा :

(क) जिसके अनुसार वह अपने फ्लीट मे से किसी दूसरी अभार-ग्रस्त (अन-एनकम्बर्ड) गाडी को जो समिति मंजूर हो, समिति की संतुष्टि के अनुसार दृष्टि-बंधक रखेगा।

अथवा

(ख) किसी अन्य मान्यता प्राप्त परिचालक से एक अभार-ग्रस्त गाड़ी को, जो समिति की मंजूर हो, दृष्टि-बंधक रखा कर समिति की सतुष्टि के अनुसार एक गारंटी देगा।

गारंटी तब तक चालू रहेगी जब तक कि किराये की सारी किस्तों की अदायगी पूरी न हो जाये और आवेदक द्वारा निष्पादित किराया खरीद के करार की शर्तों के अनुसार गाडी का स्वामित्व आवेदक को हस्तातरित न हो जाये तथा सरकार की इस सम्बन्ध मे सन्तुष्टि न हो जाये कि आवेदक से प्राप्त कोई राशि अब देय नही रही है।

(17) गाड़ी का बीमा

आवेदक अपने खर्च पर गाड़ी का सभी प्रकार के जोखमों के विरूद्ध उस के बाजार के अनुसार, पूरे मूल्य के लिये, जीवन बीमा निगम अथवा समिति द्वारा अनुमोदित किसी भी अन्य बीमा कम्पनी द्वारा पूर्ण रूप से बीमा करवाएगा और उसको उतनी ही राशि के लिये अथवा उस राशि के लिये अथवा उस राशि के लिये जो किराये की शेष किस्तों के पूर्णयोग से कम न हो, तब तक बीमा करवाये रखेगा, जब तक की किराये की समस्त किश्ते चुका न दी जाएं और गाडी का स्वामित्व आवेदक को हस्तांतरित न हो जाये। आवेदक बीमा-प्रमाण-पत्र अपने पास रखेगा, जबकि बीमे की पालिसी सचिव के पास जमा करानी होगी। इस प्रकार तैयार कराई गई बीमे की पालिसी मे एक इस आशय का प्रावधन (क्लाज) होगा कि केन्द्रीय सरकर इस पालिसी में अपना स्वत्वाधिकार रखती है और इस बीमे की पालिसी के अधीन जो भी धन-राशियां देय होंगी उन सबका भुगतान सरकार को किया जायेगा।

(18) किराया खरीद के करार के अधीन पूरी देय धन-राशि का भुगतान किया जाने पर बीमे की पालिसी में से उपरोक्त आशय का पृष्ठांकन (एंडोसमेंट) हटा दिया जायेगा।

यह आवेदक का दायित्व होगा कि वह बीमा-पालिसी को तब तक चालू रखे जब तक कि किराया-खरीद के करार के अनुसार गाडी पर उसका स्वामित्व नहीं होता। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये वह बीमे की पालिसी की किश्तो की राशि भुगतान की तारीखों से काफी पहले भेजेगा और बीमे की प्रदत्त किस्तो की रसीदों को वार्षिक रूप से भेजता रहेगा तथा गाड़ी से सम्बन्धित मौजूदा बीमा पालिसी की समाप्ति से 21 दिन पूर्व उन रसीद/रसीदो को सचिव को प्रस्तुत करेगा।

(19) गाड़ी का निरीक्षण

आवेदक, गाड़ी के क्रय के एक सप्ताह के भीतर तथा उसके बाद जब तक गाड़ी सुपुर्दगी की तारीख के बाद एक लाख मील न चल चुकी हो, या गाड़ी की सुपुर्दगी के बाद तीन साल न बीत चुके हों, अथवा सरकार को देय सभी राशियों का भुगतान करने के बाद गाड़ी का स्वामित्व आवेदक के नाम हस्तांतरित न हो चुका हो, इन में जो भी बाद में हो, तब तक किसी भी समय, गाड़ी लॉग-बुकों, और लेखा-पुस्तकों को महानिदेशक द्वारा इस कार्य के लिये प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति के समक्ष निरीक्षण के लिये, तुरन्त पेश करेगा। लाग-बुक में अन्य बातों के साथ-साथ कालक्रमानुसार जिन पर्यटकों/व्यक्तियों, को लिये गाड़ी का प्रयोग किया गया हो, और जिन स्थानों की गाड़ी द्वारा यात्रा की गयी हो तथा जितनी मील दूरी तय की गई हो, इत्यादि सब बातों से सम्बन्धित प्रविष्टियां भी दर्ज होनी चाहियें। लाग-बुक के परिशिष्ट में गाड़ी के अनुरक्षण, मरम्मत, पुर्जों की रद्दोबदल तथा उन पर हुए व्यय का भी निर्देश होना चाहिये।

(20) आवेदक हर समय गाड़ी का अपनी लागत पर अनुरक्षण करता रहेगा। ताकि वह हर समय अच्छी हालत में चलती रहे। यदि ऊपर पैरा 19 में अपेक्षित गाड़ी के निरीक्षण के दौरान यह बात दृष्टि में आये कि गाड़ी का अनुरक्षण ठीक प्रकार से नहीं हो रहा है, तो वह आवेदक द्वारा की गई चूक समझी जायेगी और सरकार को गाड़ी पर तुरन्त कब्जा करने का अधिकार होगा।

(21) सुपुर्दगी की तारीख से लेकर जब तक गाड़ी एक लाख मील न चल चुकी हो अथवा जब तक कि गाड़ी की सुपुर्दगी के बाद, यदि गाड़ी पुरानी है तो तीन वर्ष, और यदि गाड़ी नई है तो पांच वर्ष न बीत चुके हों, अथवा जब तक कि सरकार को देय सभी राशियों का भुगतान करने के बाद गाड़ी का स्वामित्व आवेदक को हस्तान्तरित न हुआ हो इन में जो भी बाद में हो, तब तक आवेदक गाड़ी को बेचेगा, न उसका संक्रामण करेगा, न उसे गिरवी रख पाएगा और न उस पर कोई प्रभार (चार्ज) या भार (एनकम्बरैंस) ही उत्पन्न करेगा। सचिव को चाहिये कि वह पंजीकरण प्रमाण-पत्र में उक्त आशय का एक पृष्ठांकन (एंडोर्समेंट) कराने की व्यवस्था करे।

(22) दीर्घावधि के लिये किराये पर देना

उपर्युक्त किराया खरीद करार के अधीन सरकार से ली जाने वाली गाड़ी किसी भी ग्राहक को, जो विदेशी पर्यटक नहीं है, सरकार की पूर्व अनुमति के बिना 7 दिन से अधिक की अवधि के लिये नहीं दी जायेगी।

(23) आवेदक का पर्यटन विभाग के प्रति दायित्व

आवेदक का यह दायित्व होगा कि सचिव या महानिदेशक द्वारा हस्ताक्षरित 48 घंटे पूर्व लिखित सूचना दिये जाने पर विदेशी पर्यटकों को गाड़ी में ले जाने के लिए पर्यटन विभाग की मांग को पूरा करेगा। परन्तु यह दायित्व इस स्थिति के सापेक्ष होगा कि गाड़ी इस से पहले किसी अन्य विदेशी पर्यटक के लिये बुक न की गई हो।

(24) विवरण और विवरणियां भेजने का दायित्व

आवेदक, विदेशी पर्यटकों के नाम उनसे लिये गये किराये और अन्य ब्यौरों की बाबत, ऐसे सभी विवरण और विवरणियां प्रस्तुत करेगा जिनकी समिति द्वारा समय-समय पर मांग की जाये।

(25) आवेदन द्वारा हुई त्रुटियां

यदि किराये की किसी भी किस्त के भुगतान में अथवा किराया खरीद के करार की शर्तों में किसी एक के भी पालन में आवेदक से चूक होती है तो समिति अपने संविवेक पर, और मामले के गुण-दोषों पर विचार करते हुए :

(क) आवेदक के खर्चे पर, गाड़ी पर कब्जा कर सकती है, और/या।

(ख) उपर्युक्त कार्रवाही के साथ-साथ या उसके बजाय आवेदक से प्राप्य शेष राशि की वसूली के लिये कोई भी कानूनी कार्रवाई कर सकती है।

(ग) त्रुटि को सर्वथा क्षमा कर सकती है, या।

(घ) भाड़ेदार द्वारा दी गई गारंटी को उस पर लागू कर सकती है।

(ङ) ऐसी अन्य शर्तों पर जिन्हें भी समुचित समझा जाए, यह मंजूर कर सकती है कि आवेदक गाड़ी पर कब्जा किये रहे।

(26) उक्त अनुदेशों का कार्य-क्षेत्र

निष्पादित किया जाने वाला किराया खरीद का करार पर्याप्त रूप से व्यापक एवं स्वतः पूर्ण होगा और इन अनुदेशों में दी गई विविध व्यवस्थाओं का अधिकार क्रमण करेगा।

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel)

RULES

New Delhi-1, the 28th November, 1970

No. 8/66/70-CS(II).—The rules for a competitive examination to be held by the Secretariat Training School, Department of Personnel in the Cabinet Secretariat, New Delhi for the purpose of filling temporary vacancies reserved for regularly appointed Class IV staff in the Lower Division Grade of the Central Secretariat Clerical Service, the Armed Forces Headquarters Clerical Service and Grade VI of the Indian Foreign Service Branch (B) are published for general information.

The candidates who are admitted to the examination will be eligible to compete for vacancies in the Lower Division Grade :

(i) in the Central Secretariat Clerical Service, if they are working in the Ministries/Offices participating in the Central Secretariat Clerical Service;

(ii) in the Armed Forces Headquarters Clerical Service if they are employed in the Armed Forces Headquarters and Inter Service Organisations; and

(iii) in Grade VI of the IFS(B) if they are employed in the Ministry of External Affairs or its Missions abroad.

2. The number of vacancies to be filled on the results of the examination will be specified in the Notice issued by the Secretariat Training School, Department of Personnel in the Cabinet Secretariat. Reservations will be made for candidates belonging to Scheduled Castes and the Scheduled Tribes in respect of vacancies as may be fixed by the Government of India.

Scheduled Castes/Tribes mean any of the Castes/Tribes mentioned in the Scheduled Castes/Tribes Lists (Modification) Order, 1956, read with the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Orders (Amendment) Act, 1956, the Constitution (Jammu and Kashmir) Scheduled Castes Order, 1956.

the Constitution (Andaman and Nicobar Islands) Scheduled Tribes Order 1959 the Constitution (Dadra and Nagar Haveli), Scheduled Castes Order, 1962, the Constitution (Pondicherry) Scheduled Castes Order, 1964, the Constitution (Scheduled Tribes) (Uttar Pradesh) Order, 1967, the Constitution (Goa, Daman and Diu) Scheduled Castes Order 1968 and the Constitution (Goa, Daman and Diu) Scheduled Tribes Order, 1968.

3. The examination will be conducted by the Secretariat Training School, Department of Personnel in the Cabinet Secretariat in the manner prescribed in the Appendix to these Rules.

4 The dates on which and the place(s) at which the examination will be held at Delhi and selected Indian Missions abroad shall be fixed by the Secretariat Training School.

5. Any permanent regularly appointed temporary Class IV employee who satisfies the following conditions shall be eligible to appear at the examination:

I. *Length of Service.*—He should have rendered on 1st January, 1971 not less than 5 years approved and continuous service as a Class IV employee or in any higher grade in the Ministries/Offices participating in the Central Secretariat Clerical Service or Armed Forces Headquarters and/or Inter Service Organisations or in the Ministry of External Affairs or its Missions abroad.

NOTE (1).—The limit of 5 years of approved and continuous service will also apply if the total reckonable service of the candidate is partly as a Class IV employee in any Ministry or Office participating in the Central Secretariat Clerical Service or in the offices participating in the Armed Forces Headquarters Clerical Service or in the offices participating in the Armed Forces Headquarters Clerical Service and partly elsewhere in equivalent or higher grade or as Class IV employee in the Ministry of External Affairs and its Missions abroad.

NOTE (2).—Class IV employees who are on deputation to ex-cadre posts with the approval of the competent authority will be eligible to be admitted to the examination, if otherwise eligible. A class IV employee who has been appointed to an ex-cadre post or to another Service on transfer and continues to have a lien on a Class IV post for the time being will also be eligible to be admitted to the examination, if otherwise eligible.

II *Age*.—He should not be more than 40 years of age on 1st January, 1971 *i.e.*, must not have been born earlier than 2nd January 1931 For the Class IV employees of the Ministry of External Affairs, for appointment to Grade VI of the IFS(B), the age limit will be 45 years as on 1st January, 1971 The age limit of 45 years will be for 1971 examination only.

The age limit prescribed above will be relaxable up to a maximum of five years if a candidate belongs to a Scheduled Caste or a Scheduled Tribe.

SAVE AS PROVIDED ABOVE THE AGE LIMIT PRESCRIBED CAN IN NO CASE BE RELAXED

III. *Educational Qualification.*—Candidates must have passed one of the following examinations or possess one of the following certificates:

(i) Matriculation Examination of any University incorporated by an Act of the Central or State Legislature in India;

